हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 311, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 30 अप्रैल, 2022 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

## रूस-यूक्रेन युद्ध ने इस बात को रेखांकित किया कि सैन्य जरूरतों में आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी: राजनाथ

### रक्षामंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं के तालमेल की जरूरत बताई



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध ने इस बात को रेखांकित किया है कि सैन्य साजोसामान के मामले में आत्म-निर्भर होना बहुत जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं के तालमेल की जरूरत बताई। नौसेना के कमांडरों के सम्मेलन में सिंह ने कहा कि अभियानों में संयुक्त रूप से काम करना भविष्य में किसी भी युद्ध में अहम होगा और सैन्य कमानों का पुनर्गठन और थियेटर कमानों की स्थापना भी जरूरी है।

भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में प्रामाणिक और प्रतिक्रियाशील मौजूदगी स्थापित की है। तीनों सेनाओं के बीच समन्वय का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी है कि समुद्री थियेटर कमान पर अध्ययन को लेकर काफी प्रगति हुई है। योजना के अनुसार प्रत्येक थियेटर कमान में सेना, नौसेना और वायु सेना की इकाइयां होंगी और ये सभी किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एक अभियान कमांडर के नेतृत्व में एक इकाई के रूप में काम करेंगी। सरकार ने पिछले कुछ साल में भारत को रक्षा विनिर्माण का केंद्र बनाने पर ध्यान दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि स्वदेश निर्मित पहले विमानवाहक पोत विक्रांत का जलावतरण एक और ऐतिहासिक घटनाक्रम होगा। यह पोत अपने तीन समुद्री परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर चुका है। जी जान से कोशिश करनी होगी ताकि इस पोत को हमारी आजादी के 75वें वर्ष में नौसेना में शामिल किया जा सके। यह आजादी का अमृत महोत्सव में अहम योगदान होगा। 41 जहाजों और पनडुब्बियों के ऑर्डर दिए गए हैं जिनमें से 39 भारतीय गोदियों में बनाये जा रहे हैं। नौसेना स्वदेशीकरण में अग्रणी रही है, वहीं हमें अभी तक प्राप्त सफलताओं को थामकर रखना होगा। मेरा वरिष्ठ पदाधिकारियों से अनुरोध है कि अपना ध्यान भविष्य को लेकर क्षमता विकास पर रखें ताकि देश की समुद्री ताकत हमारे आर्थिक हितों के साथ तालमेल करते हुए बढ़ें उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता और समृद्धि सशस्त्र बलों पर निर्भर है। चार दिवसीय नौसेना कमांडर सम्मेलन की शुरूआत सोमवार सक हो गई है।

### भारत का उद्देश्य रूस के साथ आर्थिक सहयोग को स्थिरता देना रहा

नई दिल्ली। भारत ने कहा है कि उसका उद्देश्य रूस के साथ आर्थिक सहयोग को स्थिरता देना रहा है और मास्को के साथ भुगतान प्रणाली से संबंधित मुद्दों को सुलझाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची की ओर से यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिमी देश भारत पर दबाव बना रहे हैं कि वह रूस के साथ अपने आर्थिक संबंध सीमित करे और यूक्रेन पर रूस के हमले का विरोध करे। मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल का जवाब देते हुए बागची ने कहा कि इसकी संभावना है कि रूस के विरुद्ध पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का प्रभाव भारत पर पड़ सकता है और एक अंतर-मंत्रालयी समूह इस मुद्दे पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रूस के साथ आर्थिक सहयोग को स्थिरता प्रदान करना हमारा उद्देश्य रहा है। बागची ने कहा कि भुगतान प्रणाली पर वित्त मंत्रालय के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी समूह भुगतान प्रणाली के मुद्दे को देख रहा है।

### दिल्ली पुलिस ने जहांगीरपुरी हिंसा के अहम आरोपी फरीद को प. बंगाल से अरेस्ट किया

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी हिंसा मामले में दिल्ली पुलिस ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले से एक अहम आरोपी को दबोचा है। जहांगीरपुरी हिंसा को लेकर दिल्ली पुलिस की पांच सदस्यीय टीम तामलुक थाने गई थी। पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से टीम ढलहारा गांव गई और एसके फरीद नाम के शख्स को उसकी मौसी के घर से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम फरीद को अपनी हिरासत में लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई। शुक्रवार को आरोपी फरीद को कोर्ट में पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल को दिल्ली में हनुमान जयंती के मौके पर शोभायात्रा के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें करीब 9 लोग घायल हो गए थे। तामलुक थाने के आईसी अरूप सरकार ने कहा कि आरोपी एसके फरीद अपनी मौसी के घर में रह रहा था। हमें पता चला कि उनका परिवार बंगाल में नहीं रहता है। उसका मूल घर नामलाख्या, महिसादल क्षेत्र में था और 34 साल से पहले वह (आरोपी का परिवार) इस जगह को छोड़कर दिल्ली में रहने लगा था। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने उसे शुक्रवार को दिल्ली की अदालत में पेश किया। सूत्रों के अनुसार वह सांप्रदायिक दंगे में बहुत ही सक्रिय रूप से संलिप्त था और अहम भूमिका निभाई थी।

## बिजली संकट न हो इसलिए रेलवे में कोयला आपूर्ति के लिए मालगाड़ियों को रास्ता देने को रद्द की 670 ट्रेन



नई दिल्ली। आग के गोले सा तपता सूरज और देश में भीषण गर्मी का कहर बिजली की मांग भी बढ़ा रहा है। बिजली की मांग बढ़ने से कोयले की खपत भी बढ़ गई है। कोयले की इस बढ़ी हुई जरूरत को पूरा करने के लिए रेलवे पर इसकी ढुलाई का दबाव बढ़ गया है। इस कारण रेलवे को पिछले कुछ हफ्तों से रोजाना 16 मेल/एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करना पड़ रहा है। कोयले लदी मालगाड़ियों को रास्ता देने के लिए रेलवे को ऐसा करना पड़ रहा है। रेलवे के मुताबिक 24 मई तक 670 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इनमें से 500 से अधिक ट्रेनें लंबी दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें हैं। रेलवे ने साथ ही कोयला लदी मालगाड़ियों की औसत संख्या भी बढ़ा दी है। अब रोजाना 400 से ज्यादा ऐसी ट्रेनों को चलाया जा रहा है। यह पिछले पांच साल में ऐसी ट्रेनों से सबसे अधिक संख्या है।

सूत्रों के मुताबिक रेलवे ने कोयले की ढुलाई के लिए रोजाना 415 मालगाड़ियां मुहैया कराने का वादा किया है ताकि कोयले की मांग को पूरा किया जा सके। इनमें से हर मालगाड़ी करीब 3,500 टन कोयला ढोने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि पावर प्लांट्स में कोयले का भंडार बढ़ाने के लिए कम से कम और दो महीने तक यह व्यवस्था जारी रहेगी। इससे पावर प्लांट्स के पास पर्याप्त कोयला भंडार रहेगा और जुलाई-अगस्त में संकट को टाला जा सकेगा। जुलाई-अगस्त में बारिश के कारण कोयले के खनन सबसे कम होता है। रेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'कई राज्यों में पैसेंजर ट्रेनों के रद्द होने का विरोध हो रहा है। लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। अभी हमारी प्राथमिकता यह है कि सभी पावर प्लांट्स के पास कोयले का पर्याप्त भंडार हो ताकि देश में बिजली का संकट पैदा न हो। हमारे लिए यह धर्मसंकट की स्थिति है। हमें उम्मीद है कि हम इस स्थिति से बाहर निकल जाएंगे। अधिकारी ने कहा कि पावर प्लांट्स देशभर में फैले हैं, इसलिए रेलवे को लंबी दूरी की ट्रेनें चलानी पड़ रही है। बड़ी संख्या में कोयले से लदी मालगाड़ियां 3-4 दिन के लिए ट्रांजिट पर हैं। ईस्टर्न सेक्टर से बड़ी मात्रा में घरेलू कोयले को देश के दूसरे हिस्सों में भेजा जा रहा है।' आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 2016-17 में रेलवे रोजाना कोयले की ढुलाई के लिए 269 मालगाड़ियां चला रहा था। 2017-18 और 2018-19 में इस संख्या में बढ़ोतरी हुई। पिछले साल रोजाना ऐसी 347 मालगाड़ियां चलाई गई और गुरुवार तक यह संख्या रोजाना 400 से 405 पहुंच गई। अधिकारियों का कहना है कि इस साल कोयले की मांग में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है और कोयले की ढुलाई के लिए रेलवे पसंदीदा जरिया बना हुआ है। देश में 70 फीसदी बिजली बनाने में कोयले का इस्तेमाल होता है। रेलवे ने भी कोयले की ढुलाई बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। लंबी दूरी की ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

## पीएम मोदी बोले- हर कारोबार का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ग्लोबल पाटीदार बिजनेस समिट (जीपीबीएस) का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन सरदारधाम द्वारा आयोजित किया जा रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत के पास इतना कुछ है। हमें बस अपने आत्मविश्वास को, आत्मनिर्भरता के अपने जज्बे को मजबूत करना है। ये आत्मविश्वास तभी आएगा जब विकास में सबकी भागीदारी होगा, सबका प्रयास लगेगा। उन्होंने आगे कहा कि देश को जब आजादी मिली थी तब सरदार साहब ने जो कहा था कि भारत में संपदा की कोई कमी नहीं है। हमें बस अपने दिमाग और संसाधनों को इनके सदुपयोग के लिए लगाना होगा। आजादी के मुकाबले में आने वाले 25 वर्षों के लिए जब हम संकल्प के लिए निकले हैं तो हमें सरदार साहब के इन शब्दों को कभी भूलना नहीं चाहिए। मोदी ने कहा, 'अपनी नीतियों, अपने एक्शन के माध्यम से सरकार का ये निरंतर प्रयास है कि देश में ऐसा माहौल बने कि सामान्य से सामान्य परिवार का युवा भी उद्यमी बने, उसके लिए के सपने देखे, उद्यमिता पर गर्व करे। आधुनिक कनेक्विटी के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, नए शहरों के निर्माण, पुराने शहरों में स्मार्ट सुविधाएं विकसित करने, पुराने नियमों-कायदों से देश को मुक्त करने और इनोवेशन व आइडिया की हैंड-हॉल्डिंग, ऐसे सभी कामों पर एकसाथ काम किया जा रहा है।' मुद्रा योजना आज देश के उन लोगों को अपना बिजनेस करने का हौसला दे रही है जो कभी इसके बारे में सोचते भी नहीं थे। स्टार्ट-अप इंडिया से वो इनोवेशन, वो टैलेंट में भी आज यूनिकार्न के सपने साकार होते देख रहा है जिसको कभी रास्ता नहीं दिखता था।

## बठिंडा बस स्टैंड में भीषण आग से खाक हुई चार बसें, जिंदा जला बस में सो रहा कंडक्टर



चंडीगढ़। पूरा देश इस समय भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। इस बीच पंजाब में पारा 44 डिग्री के पार चला गया है। गर्मी के कारण आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसी ही एक दर्दनाक घटना पंजाब के बठिंडा में सामने आई है। बठिंडा बस स्टैंड में आग लगने से चार बसें जलकर खाक हो गईं। इस हादसे में बस में सो रहे एक कंडक्टर की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई है। जब तक मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग पर काबू पातीं तब तक सब कुछ खाक हो चुका था।

आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना बीते गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पहले एक बस में आग लगी, जिसके बाद वहां खड़ी अन्य बसों ने भी आग पकड़ ली। इनमें से दो बसें न्यू मालवा ट्रांसपोर्ट भुच्चो मंडी व दो अन्य जीबीएस और जलाल बस सर्विस की थी। मृतक कंडक्टर गुरदेव सिंह न्यू मालवा ट्रांसपोर्ट की बस में सो रहा था। गौरतलब है कि करीब 10 दिन पहले पंजाब के लुधियाना के शहर के टिब्बा रोड स्थित मक्कड़ कॉलोनी में आग लगने से एक ही परिवार के सात लोग जिंदा जल गए थे। मरने वालों में पांच बच्चे भी शामिल थे। अग्निशमन की टीम ने आग बुझाने के बाद तलाशी ली तो एक ही परिवार के सातों लोगों के शव बुरी तरह से जले मिले थे। आगजनि की घटना में मारे गए सभी लोग बिहार के समस्तीपुर जिले के बाघोपुर गांव के रहने वाले थे। इस हादसे में सुरेश के बड़े बेटे राजेश की जान बच गई थी। वह रात को अपने दोस्त के घर चला गया था। बता दें कि इससे पहले हैदराबाद और एलुरु (आंध्र प्रदेश) में आग लगने की घटना में बिहार के कई मजदूर मारे गए थे।

## पटियाला में भिड़े हिंदू व सिख संगठन, काली माता मंदिर में स्थिति तनावपूर्ण, एसएचओ पर तलवार से हमला; पत्थरबाजी और फायरिंग



पटियाला। पटियाला में शिवसेना बाल ठाकरे के खालिस्तान मुदार्बाद मार्च के विरोध में कुछ गर्म ख्याली सिख युवकों ने भी मार्च निकाला। उन्होंने शिव सैनिकों को 'बंदर सेना' नाम देते हुए मुदार्बाद के नारे लगाए। इसी दौरान काली माता मंदिर में हिंदू और सिख संगठनों में भिड़ंत से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। दोनों गुटों की ओर से पत्थरबाजी होने लगी। तलवारें लहराई गईं। मौके को काबू करने के लिए एसएसपी ने पहुंचकर 15 राउंड हवाई फायर किए। इस दौरान एक हिंदू नेता और थाना त्रिपड़ी के एसएचओ कर्मवीर सिंह घायल हुए।

पुलिस ने दोपहर तीन बजे के आसपास स्थिति पर काबू पाया। हालांकि सिख संगठनों के सदस्यों ने शहर के फव्वारा चौक पर धरना लगा दिया है। युवक धरने के दौरान ही सड़क पर बैठकर खाना खा रहे हैं। उधर, पंजाब बाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और लुधियाना के सांसद रवनीत बिट्टू सहित विभिन्न सियासी दलों के नेताओं ने घटना की तीखी निंदा की है।

वहीं, सीएम भगवंत मान ने घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इलाके में शांति बहाल कर दी गई है। हम किसी को भी राज्य में अशांति पैदा नहीं करने देंगे। पंजाब की शांति और सद्भाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइजी पटियाला रेंज राकेश कुमार अग्रवाल ने भी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। राकेश अग्रवाल ने कहा कि अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। फिलहाल शांति कायम हो गई है। राकेश अग्रवाल से यह पूछे जाने पर कि कितने लोग घायल हुए हैं, उन्होंने कहा कि अभी उनका ध्यान शांति व्यवस्था कायम करने पर है। मौके पर डीसी साक्षी साहनी भी पहुंची। उन्होंने भी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। जानकारी के अनुसार खालिस्तान समर्थकों ने तलवार से एसएचओ पर हमला किया। पुलिस की तरफ से स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए करीब 15 राउंड हवाई फायर किए जा चुके हैं।

## अदार पूनावाला बोले- मॉर्डना और फाइजर से अधिक इम्युनिटी देती है कोविशील्ड वैक्सीन

नई दिल्ली। भारत की शीर्ष वैक्सीन निर्मात कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के मुखिया (सीईओ) अदार पूनावाला ने कोविशील्ड को सर्वश्रेष्ठ वैक्सीन बताते हुए कहा कि यह मॉर्डना और फाइजर तुलना में लंबी और बेहतर इम्युनिटी देती है। पूनावाला ने कहा कि अमेरिका और अन्य विकसित देशों में जो एमआरएनए तकनीक पर जो वैक्सीन दी जा रही है उसके बाद भी वहां पिछले कुछ महीनों से कोरोना संक्रमण बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जो देश फाइजर, या मॉडर्ना की वैक्सीन का इस्तेमाल कर रहे हैं वहां पिछले कुछ समय में नए केस बढ़े हैं। पूनावाला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार जल्द ही बच्चों को दिए जाने वाले कोवावैक्स वैक्सीन को जल्द ही मंजूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस मंजूरी के बाद बच्चों को वैक्सीन देने की भारत की मुहिम को तेजी मिलेगी। अपने एक इंटरव्यू में पूनावाला ने कहा कि कोविशील्ड से मिलने वाली लंबी इम्युनिटी की वजह से ही शायद विशेषज्ञों ने दूसरे डोज के बीच 9 महीने का गैप रखने का फैसला किया था। हालांकि, एमआरएनए वैक्सीन को अच्छा नहीं बताना सही नहीं होगा लेकिन एक हकीकत ये भी है कि हर तीन या चार महीने बाद आपको इसकी दूसरी डोज लेनी होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दूसरा बूस्टर डोज लिया है। इसका मतलब ये हुआ कि अमेरिकी राष्ट्रपति का ये चौथा डोज है। पूनावाला ने कहा कि अब उन्हें ये पता नहीं है कि क्या कहें या फिर उसके बाद क्या करें। तो उन्हें किसी न किसी समय ये मानना होगा कि उनकी वैक्सीन से केवल दो-तीन महीने ही इम्युनिटी मिलती है। उन्होंने कहा कि तीन डोज के बाद एक वैक्सीन को 5-10 साल की इम्युनिटी देनी चाहिए। एमआरएनए तकनीक से बने टीके में वायरस के जिनेटिक कोड (आरएनए) के एक छोटे हिस्से का इस्तेमाल कर शरीर में वायरस के हमले के खिलाफ इम्यूनिटी पैदा की जाती है।

## दलालों को सरकारी कार्यालयों से रखें दूर- जिलाधिकारी



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी एम.पी.सिंह ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक 28 अप्रैल को सांय काल रायफल क्लब सभागार में किया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि दलालों को सरकारी कार्यालयों से दूर रखें, सभी कार्यालयो में मूवमेंट रजिस्टर बनाते हुए अधिकारी/कर्मचारियो के आने-जाने का विवरण अंकित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आम जनमानस को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का समय-समय से प्रचार प्रसार किये जाने को कहा जिससे हर नागरिक को लाभ प्राप्त हो सके। सभी कार्यालयो के विभागाध्यक्षो को निर्देशित किया कि 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जनता की समस्याओं को अपने कार्यालय में सुने और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें। आगे उन्होने कहा कि जनहित से सीधे जुड़े कार्यालयों में सोमवार से शुक्रवार तक हर दिन 2 घंटे की अवधि जनसुनवाई के लिए तय है। इस अवधि में अधिकारी जनता से मिलें, उनकी शिकायतें/समस्याएं सुनकर गुण-दोष के आधार पर निस्तारण करें। साथ ही उन्होने सभी कार्यालयों में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी और बीडीओ से लेकर तहसीलदार, एसडीएम, थानाध्यक्ष, सीओ आदि सभी अपनी तैनाती क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करें। सरकारी मकान है तो वहां रहें या किराये का आवास लें, लेकिन रात में अपने ही क्षेत्र में रहें। इस व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि मेरे द्वारा विभागो/ तहसील/ब्लाक का देर रात भी आकस्मिक निरीक्षण किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों से संवाद-संपर्क बनाए रखने, उनके सुझावों पर ध्यान देने व पत्रों का त्वरित निस्तारण करने की नसीहत दी। फोन रिसीव न कर पाने पर काल बैक करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने जल संरक्षण के विशेष अभियान के तहत जनपद में 75 अमृत सरोवर तैयार कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि प्रजापति समाज को मिट्टी निकालने की अनुमति दी गई है। तालाब निर्माण में इससे भी सहूलियत मिलेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि दागी इतिहास वाले संस्थानों को किसी भी दशा में परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। स्कूल चलो अभियान को प्रभावी बनाएं। एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे। फसलों को आग से बचाने के लिए सभी फायर स्टेशन मुस्तैद रहें। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालय में उपस्थिति पंजिका एवं बायोमैट्रिक मशीन पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा समय से कार्यालय पहुचने का निर्देश दिया। सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि माफियाओं को चिन्हित करते हुए उनके उपर सुसंगत धाराओ के अन्तर्गत कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## लगातार दूसरे दिन देश में सामने आए कोरोना के 3000 से ज्यादा केस, दिल्ली में संक्रमण की रफ्तार चिंताजनक

नई दिल्ली। भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 3,377 नए मामले सामने आए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है जब कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामले 3000 से ज्यादा आए हैं। इससे पहले 28 अप्रैल को देश में कोरोना संक्रमण के 3,303 नए मामले दर्ज किए गए थे। बीते 24 घंटे में 2496 लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त हुए हैं, जबकि 60 लोगों की इस वायरस की वजह से मौत हुई है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बताया कि भारत में गुरुवार को कोरोना वायरस संक्रमण के लिए 4,73,635 सैंपल टेस्ट किए गए, अब तक कुल 83,69,45,383 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं।

देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या अब 17,801 है। इस वायरस ने देश में अब तक 5,23,753 लोगों की जान ली है। बीते 24 घंटे में भारत में कोरोना वैक्सीन के 22,80,743 डोज लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में अब तक लगे कोरोना वैक्सीन डोज की संख्या 1,88,65,46,894 पहुंच गई है। कोरोना संक्रमण के सबसे ज्यादा नए मामले राजधानी दिल्ली से सामने आ रहे हैं। यहां लगातार 7वें दिन 1000 से ज्यादा कोविड-19 के नए केस मिले हैं। बुधवार को दिल्ली में 32,248 नमूनों की जांच की गई। दिल्ली में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 1490 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 1070 मरीज ठीक हुए हैं। वहीं, पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण की वजह से दिल्ली में 2 मौतें दर्ज की गई हैं। राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना के सक्रिय मामले अब 5,250 हैं। दिल्ली सरकार की हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, राज्य में अब तक 18,79,948 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। वहीं मृतकों की संख्या 26,172 पर पहुंच गई। हरियाणा में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 580 नये मरीज मिले और इनमें से 473 संक्रमित सिर्फ गुरुग्राम के हैं।

## चिंतन मनन

### पीएम की अपील

देश में कोरोना के बढ़ते केस को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इसमें महामारी और यूक्रेन-रूस जंग के कारण देश की आर्थिक स्थिति पर हुए असर को लेकर भी चर्चा हुई। पीएम ने राज्यों से उनके हिस्से का टैक्स घटाने की अपील की है, ताकि जनता पर महंगाई का बोझ कम किया जा सके। पीएम ने इस दौरान पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोधी राज्य सरकारों पर निशाना भी साधा। उन्होंने कई राज्यों में पेट्रोल की कीमतों का अंतर गिनाया। कहा-मुंबई में 120 रुपए लीटर पेट्रोल है, जबकि पड़ोस के ही केंद्र शासित प्रदेश दमन दीव में यह 102 रुपए है। इसी तरह तमिलनाडु में 111 रुपए तो जयपुर में 118 रुपए लीटर है। आज भारत की अर्थव्यवस्था में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सामंजस्य पहले से ज्यादा आवश्यक है। युद्ध के माहौल में दिनों-दिन चुनौतियां लेकर आया है। ऐसे संकट के समय में केंद्र और राज्यों के बीच में तालमेल को बढ़ाना और अनिवार्य हो गया है। जैसे पेट्रोल-डीजल की कीमतों का विषय सबके सामने है। पीएम ने देशवासियों पर इनकी बढ़ती कीमतों का बोझ कम करने के लिए राज्यों से आग्रह किया था कि वे अपने यहां टैक्स कम करें, इसके बाद कुछ राज्यों ने तो टैक्स कम कर दिया, लेकिन कुछ राज्यों ने अपने नागरिकों को इसका लाभ नहीं दिया, इसलिए इन राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें दूसरे राज्यों के मुकाबले ज्यादा हैं। पीएम की टैक्स कम करने की अपील ऐसे समय आई है जब महंगाई को लेकर विपक्ष हमलावर है, जनता परेशान है। रोज डीजल और पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है, रसोई गैस और वाहनों में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस यानी सीएनजी की कीमतें भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर बढ़ जा रही हैं। कहा जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते तेल आपूर्ति में रुकावट आने की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है। मगर पांच राज्यों में विधानसभाओं के चुनाव के मद्देनजर करीब तीन महीने तक ईंधन की कीमतों की समीक्षा रोके रखी गई। उनमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। यहां तक कि उस दौरान केंद्र ने उत्पाद शुल्क में कटौती कर तेल की कीमत घटाई थी। जबकि उस दौरान भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऊपर थीं। तब स्वाभाविक ही पूछा जा रहा है कि अगर सरकार चुनाव के समय तेल की कीमतों पर नियंत्रण कर सकती है, तो बाद में क्यों नहीं। विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद से डीजल और पेट्रोल की कीमतें अब तक थोड़ा-थोड़ा करके सात रुपए से अधिक बढ़ चुकी हैं। इसी तरह प्राकृतिक गैस यानी सीएनजी की कीमतों में दो बार बढ़ोतरी हो चुकी है। ईंधन के दाम में बढ़ोतरी की मार सबसे अधिक गरीब, मध्यवर्ग और छोटे कारोबारियों पर पड़ती है। घरेलू गैस का सिलेंडर एक हजार रुपए से पार पहुंच गया है। व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत पिछले एक महीने में दो बार बढ़ चुकी है। इसी तरह पाइप के जरिए घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस यानी पीएनजी की कीमत पांच रुपए प्रति घन मीटर बढ़ा दी गई है। खुदरा और थोक महंगाई इस समय अपने शिखर पर है। उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगी हैं, जिसे लेकर आम लोग परेशान हैं। तिस पर तेल और गैस की कीमतें बढ़ने से उन पर अतिरिक्त मार पड़नी शुरू हो गई है। तेल की कीमतें बढ़ने से केवल उन लोगों की जेब पर असर नहीं पड़ता, जो बड़ी गाड़ियों में चलते हैं, बल्कि दोपहिया, तिपहिया और सार्वजनिक वाहनों से चलने वालों पर भी इसका असर पड़ता है। माल ढुलाई का खर्च बढ़ता है, तो उसकी मार हर वर्ग पर पड़ती है। उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाती हैं। इसी तरह व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत बढ़ने से छोटे स्तर के बहुत सारे कारोबारियों पर मार पड़ी है। खान पान की दुकान चलाने वालों के सामने संकट है कि अगर वे अपनी वस्तुओं की कीमत बढ़ाते हैं, तो ग्राहक घटने की आशंका रहती है और न बढ़ाएं तो घाटा उठाना पड़ता है। इस समय तेल पर करीब सत्ताईस रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क वसूला जाता है। अगर सरकार केवल उसमें कटौती कर दे, तो कीमत नियंत्रण में आ जाएगी। मगर उसका ऐसा इरादा दिख नहीं रहा।

### मचा है हाहाकार !



हुई किल्लत बिजली की ।
मचा है हाहाकार ।।
हर जगह से तन्त्र ।
झेल रहा प्रहार ।।
है भारी कटौती ।
हो रहा बवाल ।।
ना सूझे जवाब ।
उठता जब सवाल ।।
जाने या अनजाने ।
असर पड़ा है भारी ।।
देखते हैं कब तक ?
दूर हो लाचारी ।।
चल रहा गतिरोध ।
असमंजस का हाल ।।
पर अब जिम्मेदारी ।
है लेनी हर हाल ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# भारत की सबसे ताकतवर मिसाइल है ब्रह्मोस

भारत का अचूक ब्रह्मास्त्र मानी जाने वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल एक के बाद एक सफलता के नए-नए पड़ाव पार करते हुए अपनी क्षमताओं और ताकत से पूरी दुनिया को हतप्रभ कर रही है। ब्रह्मोस मिसाइल जब करीब तीन हजार किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ती है तो किसी भी देश की वायु रक्षा प्रणाली के लिए इसे रोक पाना लगभग नामुमकिन हो जाता है। पिछले दिनों सफलता का एक और पड़ाव पार करते हुए ब्रह्मोस ने एक ही लक्ष्य के खिलाफ दो सफल वार किए। पहला परीक्षण भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस दिल्ली द्वारा देश के पूर्वी समुद्र तट पर एक जहाज को निशाना बनाते हुए किया गया और बिना वारहेड वाली ब्रह्मोस मिसाइल ने इस जहाज में एक बड़ा सुराख बना दिया। इस सफल परीक्षण के बाद ब्रह्मोस मिसाइल के एयर-लांच संस्करण से लैस भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई विमान ने एयरबेस से उड़ान भरते हुए उसी जहाज पर पुनः वार किया और ब्रह्मोस के वारहेड से सीधे टकराने के बाद जहाज पानी में डूब गया। इन परीक्षणों के लिए भारतीय वायुसेना तथा नौसेना द्वारा एक-दूसरे के साथ समन्वय किया गया था।

भारत और रूस के संयुक्त प्रयासों से बनाई गई सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के अलग-अलग संस्करणों के अभी तक कई परीक्षण किए जा चुके हैं और सभी परीक्षणों में ब्रह्मोस ने अपनी जो ताकत दुनिया को दिखाई है, उससे यह हिन्द की बाहुबली और रण की बॉस ही साबित हुई है। रक्षा अधिकारियों का कहना है कि निकट भविष्य में ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के अभी और भी प्रक्षेपण होने जा रहे हैं। वैसे पहले से बनी इन शक्तिशाली मिसाइलों को अब और ज्यादा शक्तिशाली बनाते हुए भारत पूरी दुनिया को अपनी स्वदेशी ताकत का अहसास कराने का भी सफल प्रयास कर रहा है। ब्रह्मोस अपनी श्रेणी में दुनिया की सबसे तेज परिचालन प्रणाली है और डीआरडीओ द्वारा इस मिसाइल प्रणाली की सीमा को 290 किलोमीटर से बढ़ाकर करीब 450 किलोमीटर तक किया जा चुका है। लंबी दूरी पर मौजूद लक्ष्यों पर अचूक प्रहार करने की अपनी क्षमता को विभिन्न परीक्षणों में बखूबी प्रदर्शित कर चुकी ब्रह्मोस की ताकत को इसी से समझा जा सकता है कि इसकी रफ्तार ध्वनि की गति से करीब तीन गुना ज्यादा है।




ब्रह्मोस अब न केवल भारत के तीनों सशस्त्र बलों के लिए एक बेहद शक्तिशाली हथियार बन गई है बल्कि गर्व का विषय यह है कि अभी तक जहां भारत अमेरिका, फ्रांस, रूस इत्यादि दूसरे देशों से मिसाइलें व अन्य सैन्य साजोसामान खरीदता रहा है, वहीं भारत अपनी इस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को दूसरे देशों को निर्यात करने की दिशा में अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल को पनडुब्बियों, विमानों और जमीन से अर्थात तीनों ही स्थानों से सफलतापूर्वक लांच किया जा सकता है, जो भारतीय वायुसेना को समुद्र अथवा जमीन के किसी भी लक्ष्य पर हर मौसम में सटीक हमला करने के लिए सक्षम बनाती है। बेहद ताकतवर ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें भारतीय वायुसेना के 40 से भी अधिक सुखोई लड़ाकू विमानों पर लगाई जा चुकी हैं, जिससे सुखोई लड़ाकू विमान पहले से कई गुना ज्यादा खतरनाक हो गए हैं। सुखोई विमान की दूर तक पहुंच के कारण ही इस विमान को हिंद महासागर क्षेत्र का शासक भी कहा जाता है और ब्रह्मोस से लैस सुखोई अब दुश्मनों के लिए बेहद घातक हो गए हैं।

ब्रह्मोस मिसाइल मध्यम रेंज की रेमजेट सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बियों, युद्धपोतों, लड़ाकू विमानों और जमीन से दागा जा सकता है। यह दस मीटर की ऊंचाई पर भी उड़ान भर सकती है और रडार के अलावा किसी भी अन्य मिसाइल पहचान प्रणाली को धोखा देने में भी सक्षम है, इसीलिए इसे मार गिराना लगभग असंभव माना जाता रहा है। इस मिसाइल का नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी तथा रूस की मस्कवा नदी को मिलाकर रखा गया है और इसका 12 जून 2001 को पहली बार सफल लांच किया गया था। यह मिसाइल दुनिया में किसी भी वायुसेना के लिए गेमचेंजर साबित हो सकती है। मिसाइलें प्रमुख रूप से दो प्रकार की होती हैं, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल। क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों में अंतर यही है कि क्रूज मिसाइल बहुत छोटी होती हैं, जिन पर ले जाने वाले बम का वजन भी ज्यादा नहीं होता और अपने छोटे आकार के कारण उन्हें छोड़े जाने से पहले बहुत आसानी से छिपाया जा सकता है जबकि बैलिस्टिक मिसाइलों का आकार काफी बड़ा होता है और वे काफी भारी वजन के बम ले जाने में सक्षम होती हैं। बैलिस्टिक मिसाइलों को छिपाया नहीं जा सकता, इसलिए उन्हें छोड़े जाने से पहले दुश्मन द्वारा नष्ट किया जा सकता है। क्रूज मिसाइल वे मिसाइलें होती हैं, जो कम ऊंचाई पर तेजी से उड़ान भरती हैं और रडार की आंखों से भी आसानी से बच जाती हैं। बैलिस्टिक मिसाइल उध्वार्कार मार्ग से लक्ष्य की ओर बढ़ती हैं जबकि क्रूज मिसाइल पृथ्वी के समानांतर अपना मार्ग चुनती हैं। छोड़े जाने के बाद बैलिस्टिक मिसाइल के लक्ष्य पर नियंत्रण नहीं रहता जबकि क्रूज मिसाइल का निशाना एकदम सटीक होता है।

डीआरडीओ अब रूस के सहयोग से ब्रह्मोस मिसाइल की मारक दूरी को और भी ज्यादा बढ़ाने के साथ इन्हें हाइपरसोनिक गति पर उड़ाने पर भी कार्य कर रहा है। दरअसल सुपरसोनिक मिसाइलों की गति ध्वनि की रफ्तार से तीन गुना अर्थात तीन मैक तक होती है और इनके लिए रैमजेट इंजन का प्रयोग किया जाता है जबकि हाइपरसोनिक मिसाइलों की रफ्तार ध्वनि की गति से पांच गुना से भी ज्यादा होती है और इनके लिए स्क्रैमजेट यानी छह मैक स्तर के इंजन का प्रयोग किया जाता है। फिलहाल ब्रह्मोस के जो संस्करण उपलब्ध हैं, वे सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें ही हैं, जो ध्वनि के वेग से करीब तीन गुना अधिक 2.8 मैक गति से अपने लक्ष्य पर जबरदस्त प्रहार करती हैं। यह दुनिया में अपनी तरह की ऐसी एकमात्र क्रूज मिसाइल है, जिसे सुपरसॉनिक स्पीड से दागा जा सकता है। दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस अपने लक्ष्य के करीब पहुंचने से मात्र बीस किलोमीटर पहले भी अपना रास्ता बदल सकने वाली तकनीक से लैस है और यह केवल दो सैकेंड में चौदह किलोमीटर तक की ऊंचाई हासिल कर सकती है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इसके दागे जाने के बाद दुश्मन को संभलने का मौका नहीं मिलता और यह पलक झपकते ही दुश्मन के ठिकाने को नष्ट कर देती है।

# डूबती कांग्रेस को तिनके की तलाश

वर्तमान में कांग्रेस के राजनीतिक प्रभाव के नकारात्मक रुख को देखकर कोई भी व्यक्ति उसकी तरफ आकर्षित नहीं हो रहा है। तमाम राजनीतिक विश्लेषक कांग्रेस को एक ऐसे डूबते हुए जहाज की संज्ञा दे चुके हैं, जिस पर कोई भी व्यक्ति सवार होने से पहले सौ बार सोचता है। हालांकि कांग्रेस अपनी डूबती नाव को किनारे पर लाने का गंभीरता से प्रयास करती हुई दिखाई देने लगी है। लेकिन यह प्रयास कांग्रेस में सुधार करने के नहीं कहे जा सकते। यह मात्र सत्ता प्राप्त करने की लालसा ही कही जा सकती है। अभी हाल ही में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर को कांग्रेस में शामिल करने के प्रयास को भी इसी दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। अब प्रशांत किशोर की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि वे अब कांग्रेस के साथ नहीं जाएंगे। ऐसे में सवाल यह भी उठने लगे हैं कि क्या वास्तव में कांग्रेस उस स्थिति में पहुंच चुकी है, जहां से पुनरोदय की आशा समाप्त हो जाती है।

कांग्रेस की वर्तमान स्थिति के बारे में अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता दिखाई देता है कि पार्टी में कोई चमत्कारिक नेता नहीं बचा है। इसलिए कांग्रेस नए प्रकार से सोचने के लिए विवश है। कांग्रेस की डूबती नाव को सहारा देने के लिए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर विश्वास करने के अलावा कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं था। लेकिन आज कांग्रेस की स्थिति को देखकर उन्हें भी यही लगा होगा कि कांग्रेस फिलहाल इसी स्थिति में रहेगी। वैसे भी उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ प्रशांत किशोर का अनुभव ठीक नहीं रहा। इस चुनाव में कांग्रेस ने प्रशांत किशोर के साथ असफलता का ऐसा चिन्ह स्थापित किया है, जो उनके साथ हमेशा लगा रहेगा। वास्तव में प्रशांत किशोर का कांग्रेस के साथ नहीं जाना एक प्रकार से उनकी रणनीति का ही हिस्सा है, क्योंकि कांग्रेस का भलीभांति अध्ययन करने के बाद प्रशांत किशोर नहीं चाहते होंगे कि असफलता का एक और टैग उनके साथ चिपक जाए। कांग्रेस को उबारना प्रशांत किशोर के लिए इसलिए भी टेढ़ी खीर है, क्योंकि जब कांग्रेस नेतृत्व ही अपने नेताओं के निशाने पर है, तब प्रशांत किशोर किस आशा के साथ कांग्रेस को उबारने का संकल्प लेने के लिए उतावले दिखाई दिए। आज की कांग्रेस में विसंगति यह है कि हर नेता अपने आपको राष्ट्रीय स्तर का ही मानने की भूल कर बैठा है, वह कांग्रेस को अपने हिसाब से ही चलाना चाहता है। इसलिए समूह 23 में शामिल नेता अपने आपको कांग्रेस का बड़ा नेता तो मानते हैं, लेकिन अपने नेतृत्व पर निशाना साधने से भी नहीं चूकते। वास्तव में यह विरोधाभास नहीं, बल्कि एक खुली बगावत ही कही जाएगी। कांग्रेस नेताओं के बगावती बयान केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही उठ रहे हैं, ऐसा नहीं है। राज्यों में भी इस प्रकार के तेवर कांग्रेस का संकट बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि कांग्रेस को मेरी नहीं, अच्छे नेतृत्व की जरूरत है। इसका आशय यही है कि कांग्रेस इसलिए कमजोर होती जा रही है, क्योंकि उसका नेतृत्व कमजोर है। यही बात समूह 23 के नेता बहुत पहले से कहते रहे हैं, लेकिन कांग्रेस नेता इस पर विचार मंथन करने की बजाय वही करती जा रही है, जो उसके पतन का कारण है। कांग्रेस का इतिहास रहा है कि जब भी कांग्रेस का नेतृत्व गैर गांधी परिवार के हाथों में रहा है, तब गांधी परिवार कांग्रेस में निर्णायक नहीं रहा। वर्तमान में सोनिया गांधी की कार्यप्रणाली से ऐसा ही लग रहा है कि वे अपने पुत्र राहुल गांधी और पुत्री प्रियंका वाड्रा को किनारे करने की मानसिकता में नहीं हैं। इसलिए नेतृत्व परिवर्तन पर विचार होगा, इस बात की गुंजाइश कम ही है। आज की कांग्रेस की एक बड़ी कमजोरी यह भी है कि वह गांधी परिवार के अलावा किसी को अपना नेता मानने की स्थिति में नहीं है। क्योंकि बाकी कांग्रेस के नेताओं के अपने अपने समूह हैं। जो एक दूसरे को पसंद नहीं करते। यानी कांग्रेस कई धड़ों में बिखरी हुई दिखाई देगी। फिर कांग्रेस को संभालना और भी ज्यादा मुश्किल हो जाएगा। आज कांग्रेस की एक और बड़ी समस्या यह है कि उसके बड़े-बड़े राजनीतिक शूरमा कांग्रेस से किनारा कर चुके हैं और कुछ किनारा करने की सोच रहे हैं। जो कांग्रेसी दूसरे दलों की विचारधारा को आत्मसात कर चुके हैं, वे निश्चित ही कांग्रेस की कमजोरी का कारण ही बनेंगे।

## एक अच्छा संदेश देने के लिए लगाया गया था शास्त्री सेतु पर एलईडी

### हाय रे जिला प्रशासन 64 लाख रुपए के लगने के बावजूद भी अंधेरे में मुंह चिढ़ाता शास्त्री सेतु

प्रखर मीरजापुर। विंध्याचल मां विंध्यवासिनी धाम में जहां भक्तों की बेहतर सुविधा प्रदान करने में शासन और प्रशासन हर संभव मदद करने के लिए खुद अपनी पीठ थपथपाने में पीछे नहीं हटती और आलाधिकारियों का बयान होता है स्थानीय लोगों से कि आप भक्तों के साथ अच्छा व्यवहार करें ताकि वह यहां से एक अच्छा संदेश लेकर जाए लेकिन दूसरों को नसीहत देने वाले यह जिला प्रशासन अपने खुद की बयां पर खरे नहीं उतरे।बताया जाता है कि विंध्याचल दान पेटिका से 64 लाख रुपए की लागत से शास्त्री सेतु पर लाइटिंग (प्रकाश) की व्यवस्था किया। गया था ताकि दर्शनार्थी जब भी यहां आए और उन्हें लगे कि शासन और प्रशासन द्वारा प्रकाश की समुचित व्यवस्था किया गया है। यही नहीं नवरात्र मेले में भी मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने भी इस नवरात्र मेले में समुचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए पक्का पुल से अष्टभुजा तक मार्ग पर समुचित प्रकाश व्यवस्था के लिए कड़े निर्देश दिए थे लेकिन उनके निदेर्शों के बावजूद भी विभागीय लोगों के कान में जूं तक नहीं रेंगा और समस्या जस की तस बनी है। दिसंबर 2018 में तत्कालीन डीएम अनुराग पटेल पुल का निरीक्षण करने गए तो उन्होंने यह समस्या पकड़ी और लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं से कहा कि जितने भी पोल इस समय हैं, उन सभी दो पोलों के बीच में एक अतिरिक्त पोल लगाए जाएं और उनमें टू वे एलईडी लाइट्स लगवाई जाए। अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट सुशील लाल श्रीवास्तव से कहा कि वे प्रयागराज जाएं और झूंसी के आस पास लगने वाली स्ट्रीट लाइट्स को देखकर आएं और उसी के अनुरूप लाइटिंग की व्यवस्था करने के लिए दिए थे निर्देश

**एलईडी रोशनी से झिलमिला उठा था गंगाजल**– लाइटिंग से पहले स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी केवल पुल पर ही पड़ती थी लेकिन टू वे लाइट्स के लग जाने से रात के अंधेरे में गंगाजल भी झिलमिलाता था क्योंकि जिस प्रकार के पोल लगे थे उसमें एक लाइट का प्रकाश पुल पर तथा दूसरे लाइट्स का प्रकाश गंगा जल पर पड़ता था। तेज एलईडी बल्बों की रोशनी में पूरा शास्त्री पुल जगमगा रहा था। डीएम ने विद्युत पोलों को एलईडी पट्टी से लपेटने का निर्देश दिया ताकि रात के अंधेरे में विद्युत पोल स्पष्ट रूप से दिखाई दे। डीएम के इन निर्देशों से नागरिकों में भी हर्ष व्याप्त था लेकिन कल और आज में बहुत ही अंतर आ गया।पहले पूरा गंगा जल भी इस एल ई डी की प्रकाश में चमकता था लेकिन दुर्भाग्य इस समय एक भी खंभे में कोई भी लाइट नहीं जल रही है।

**क्यों नहीं ध्यानाकर्षित होता जिला प्रशासन की**– शास्त्री सेतु पर लगाए गए पैसे का हुआ दुरपयोग,जी हां शास्त्री सेतु पर जिस उद्देश्य से इतने धन खर्च किए गए थे वह निरर्थक ही साबित हो रहा है। मां के भक्तों के साथ क्यों हो रहा है अन्याय उनके ही दान के पैसे उनके सुरक्षा में खर्च क्यों नहीं आखिर वह अपने परिवार के साथ हंसते हुए आते है और उनके साथ गंगा घाट पर जब कोई घटना घट जाती है तो वह दुखी होकर जाते है।आखिर कब तक श्रद्धालुओं के साथ एक के बाद एक घटना घटती रहेगी।

# मनोकामना पूर्ण करने वाले श्री शनि महाराज

भारत वर्ष में कई हजरों वर्ष पुराने प्राचीन मंदिर आज भी अपना भव्यता लिये हुए है उन्हीं में मुरैना जिला (म.प्र.) स्थित हजारों वर्ष शनि मंदिर है। भारत में कई प्राचीन शनि मंदिर है। इस शनि मंदिर की मान्यता दूसरे शनि मंदिरों से ज्यादा है। (1) मुरैना जिला शिंगणांपुर महाराष्ट्र में है। ग्वालियर स्थित शनि जनश्रुति के अनुसार शनि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महाराज विक्रममादित्य ने करायी थी। पुरातत्व विभाग के अनुसार उक्त मंदिर आज भी कुशवाह,चन्देल,जाट सिंधिया। राजा सिंधिया द्वारा मंदिर के पुराने स्वरूप को तोड़कर नया मंदिर बनवाया गया। मंदिर की प्रतिमाा जैसी की तैसी अपने स्थान पर रहीं। मंदिर में स्थापित शनिदेव महाराज की मूर्ति विश्व में एक मात्र है, इतनी बडी मूर्ति कहीं भी उपलब्ध नहीं है। प्रतिमा की ऊँचाई लगभग पॉच फुट है। प्रतिमा एक ही पत्थर पर उकेरी गई है। शनि मंदिर शनि पर्वत पर स्थित है। इस पर्वत का अपना एक अलग स्थान है, जिस स्थान पर य शनि मंदिर है उसय स्थान पर एशिया का मध्य बिन्द स्थित है तेंत्रायुग में जब रावण ने शनि महाराज को रावण क चुंगल से मुक्त कराया था। लंका से हनुमान जी ने शनि महाराज को शनि पर्वत पर स्थान दिया था। कि शनि मंदिर पर कभी एक दर्जन से अधिक मंदिर थे, देखभाल के अभाव में कई मंदिर नष्ट हो गये है, उनकी प्रतिमा आज भी बिखरी पड़ी है। शनि मंदिर तीन मंजिल है, मंदिर से पुरानी सम्पदाओं की समय-समय पर चोरी होती रहती हे।, मंदिर एकान्त में होने के कारण चोरी का शीघ्र मालूम नही पड़ता था। कहा जाता है कि शनि मंदिर से शनि मंदिर के गुम्मट पर सोने का कलश चोरी हो गया। सन 1983 में मंदिर से 14 वेष कीमती मूतियां चोरी हो गई। जिसमें राधा कृष्ण की अष्ट धातु की प्रतिमा दुर्लभ राहू केतु की प्रतिमा एवं मुम्मट के चारो और चारो दिशाओं को देखने वाले चार शेर भी चोरी हो गये।इन चोरियों की रिपोर्ट थाने में दर्ज है। मंदिर की ऐसी मान्यता है कि शनिदेव के समक्ष पहुॅचकर मानी हुई मान्यता कि शनिदेव के समक्ष पहुॅचकर मानी हुई मान्यता पूर्ण हो जाती है। शनिचरी अमावस्या को यहॉ एक विशाल मेला लगता है। जिसमें म.प्र. के अलावा राजस्थान उत्तरप्रदेश, दिल्ली हरियाणा, आदि दूर-दूर से शनि महाराज के दर्शन करने आते है। मंदिर के पुजारी श्री शिवरामदास त्यागी बाबा ने बताया कि विदेशो से भी लोग मंदिर में दर्शन करने आते रहते है।

शनि मंदिर के पास शनि पहाड से गंगा के रूप में पहाड़ का सीना चीरकर पानी की धारा निकलती है, यह धारा शनि मंदिर के अन्दर बने तालाब पर आती है, जहॉ भक्तगण 12 माह इस तालाब में नहाकर शनि मंदिर के दर्शन करने जाते है। शनि मंदिर में पांच हजार वर्ष पुरानी हनुमान जी की दुर्लभ प्रतिमा है। जो अलौलिक व परिवर्तनशील है। हनुमान प्रतिमा बाएं हाथ पर पर्वत लिए हुए है। पर्वत पर मंदिर है मंदिर पर रूदाक्ष के पेड़ है हनुमान जी के गले में रूद्राक्ष की माला व कमर में कटार है और पैरों के नीचे एक बालक दबा है, बालक कौन है, इसका इतिहास नहीं है। शनि मंदिर में महादेव जी का एक प्राचीन मंदिर भी है, साथ में राधाकृष्णा मंदिर है। वर्तमान में ट्रस्ट द्वारा श्री गणपति जी व श्री महाकाली मंदिर का निर्माण कराया गया है।

म.प्र. सरकार ने ट्रस्ट को अपने अधीन ले लिया है, यह मंदिर मुरैना जिला के अंतर्गत आता है। श्रद्धालुगा द्वारा भी समय समय पर शनि मंदिर पर कार्य करवाया गया है।

वेद पुराणों के अनुसार सूर्य की द्वितीय पत्नी छाया के गर्भ से शनिदेव का जन्म हुआ, शनि के श्यामवर्ण को देखकर सूर्य ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाया कि शनि मेरा नही है तभी से शनि अपने पिता से शत्रुभाव रखता है। शनिदेव ने अपनी साधना-तपस्या द्वारा शिवजी को प्रसन्न किया भगवान शिव ने वरदान मांगने के लिये कहा तब शनिदेव ने प्रार्थना की कि युगो-युगो से मेरी माता छाया की पराजय होती रही है, मेरे पिता सूर्य द्वारा बहुत ज्यादा अपमानित व प्रताड़ित किया गया है। मेरा पुत्र शनि अपने पिता से मेरे अपमान का बदला ले, और उनसे भी अधिक शक्तिशाली बने।

तब भगवान शंकर ने वरदान देते हुए कहा कि कलयुग में तुम्हारा विशेष प्रभाव रहेगा। कलयुग में तुम्हे सर्वेच्चय न्यायाधीश का पद प्राप्त होगा। शनि महाराज काल का प्रतिनिधित्व करते है और शनि भाग्य का प्रतीक है, भाग्य पुरूषार्थ से बनता, बिगड़ता है।

शनि का सम्बन्ध जीवन के नियमों नैतिक अनुशासन से है। उनकी अवहेलना करने पर शनि महाराज कुपित हो जाते है और दण्ड देते है। शनि देव ही व्यक्ति के अंदर करूणा-संवेदना के रूप में प्रकट होता है वह सब कुछ खोकर आत्मानुभूति सन्यास के रूप में देता है और व्यक्ति को समाजोपयोगी बनाता है शनि महाराज कलयुग में सर्वोच्च न्यायाधीश के पद पर विराजमान है। शनि अंमगलकारी नही मंगलकारी भी है। यह दुःखकारक नहीं सुखकारक भी है। शनिदेव तो परम न्यायाधीश है, व्यक्ति को उसके कायार्नुसार राष्ट्र को कमार्नुसार पुरस्कृत व दण्डित करते है इसमें शनि महाराज का कोई दोष नही वह तो परमात्मा का प्रतिनिधित्व करते है, जो कुशल न्यायाधीश की भांति अपनी जिम्मेदारी व कर्तव्य का निर्वाह कर रहे है।

वैज्ञानिक के अनुसार शनि सौर मण्डल का सबसे सुन्दर गृह है। शनि पृथ्वी से 85 करोड मील दूर, शनि का व्या 250,000 मील है। अपनी धूरी पर 10 या 12 घण्टे में एक चक्कर लगा देता है। शनि ग्रह सूर्य से 88 करोड 60 लाख मील दूर है। शनि ग्रह की गुरूत्वाकर्षण शक्ति पृथ्वी की अपेक्षा 95 गुना अधिक है। अमेरिका ने अपने अंतरिक्ष यान वाईजर-01 के माध्यम से सैकडों चित्र शनि गृह के धरोतल क लिए है। शनि अत्यंतम मंद गाति से चलता है। इसलिए इसे शनैश्चर कहते है। शनि सैरमण्डल का इतना प्रभाव गृह है। कि अपनी असीम शक्ति से देवताओं देवताओ को पराभूत कर देता है। शनि कि प्रतिकूल दृष्टि जितनी दुःखदायी है, उतनी सुखदायी और कल्याणकारी भी है। शनि की प्रतिकूलता से अच्छे-अच्छे सम्राज, राजनेता, प्रषासक धूल धूसरित होते देखे गये है। देवता तक शनि से आतंकित रहते है। राजा हरिशचन्द्र, पाण्डव, राजा बलि, श्री रामचन्द्र महारथी, रावण व राजा नल को शनि ने दारूण दुःख देकर राह का भिखारी बना दिया। शनि की कुदृष्टि करोड़पति को कंगाल और कंगाल को अरबपति बना सकती है। शनि देव के विभिन्न नाम का व्यक्ति प्रातःकाल लेने पर शनि महाराज की विशेष कृपा रहती है।

कार्टून कैरेक्टर्स



बच्चों, मई के पहले संडे को वर्ल्ड लाफ्टर-डे मनाया जाता है। इस बार लाफ्टर-डे 1 मई को मनाया जाएगा। इसे मनाने के पीछे यही उद्देश्य है, खुलकर हंसना। हंसने से हम खुश और निरोगी रहते हैं। तुम्हारे लिए टीवी पर कई कार्टून सीरीज टेलीकास्ट होती हैं, जिनकी कार्टून जोड़ियां हंसा-हंसाकर लोट-पोट करती हैं, खूब मनोरंजन करती हैं। जानो, कुछ पॉपुलर कार्टून जोड़ियों के बारे में।

# हंसाती-गुदगुदाती ये कार्टून जोड़ियां

बच्चों, टेलीविजन पर कार्टून चैनल पर कई कार्टून सीरीज आती हैं। इनमें से कुछ कार्टून कैरेक्टर्स की जोड़ियों की हरकतें खूब हंसाती हैं। इस कारण ये जोड़ियां काफी पॉपुलर हैं। लाफ्टर-डे के मौके पर तीन कार्टून कैरेक्टर्स की जोड़ियों टॉम एंड जेरी, डोरेमोन-नोबिता और मोटू-पतलू के बारे में हम तुम्हें बता रहे हैं।

## टॉम एंड जेरीः खेल बिल्ले-चूहे का

**सभी कार्टून** कैरेक्टर्स जोड़ियों में टॉम और जेरी की जोड़ी सबसे पॉपुलर मानी जाती है। टॉम एंड जेरी एक अमेरिकी एनिमेटेड कॉमेडी शॉर्ट फिल्म्स की सीरीज है। इसे विलियम हैना और जोसेफ बारबेरा ने 1940 में बनाया था। शॉर्ट फिल्म्स सीरीज में टॉम एक बिल्ला और जेरी एक चूहा है। इन दोनों लीड कैरेक्टर्स के नाम पर ही शॉर्ट फिल्म का टाइटल रखा गया। पूरी कहानी के दौरान इनके बीच बहुत मजेदार नोक-झोंक होती है। टॉम बिल्ला जेरी को अपने जाल में फंसाने के लिए हर बार नई-नई चालें चलता है। लेकिन जेरी भी हर बार टॉम की चाल से बच निकलता है। इस दौरान इनके बीच झगड़ा होता है, जिसे देखकर हर कोई हंस-हंसकर लोट-पोट हो जाता है। ऐसा नहीं है कि टॉम और जेरी बस आपस में लड़ते ही रहते हैं। दोनों अच्छे दोस्त भी हैं, एक-दूसरे के साथ मस्ती-मजाक करना इन्हें पसंद है। *

## डोरेमोन-नोबिता : अच्छी सीख देने वाले कैरेक्टर्स



**डोरेमोन एक** जापानी कॉमिक कार्टून कैरेक्टर है। इस पर एनिमेडेट टीवी कार्टून सीरीज भी बनी है। कहानी में डोरेमोन नीले और सफेद रंग का एक रोबोट बिल्ला है, जोकि नोबिता नोबी बच्चे की मदद करने के लिए बाइसवीं सदी से पीछे यानी इक्कीसवीं सदी में आ जाता है। डोरेमोन कार्टून सीरीज में दिखाया गया है कि नोबिता एक आलसी और पढ़ाई में कमजोर बच्चा है। नोबिता की मदद करने के लिए डोरेमोन उसे हाईटेक गैजेट्स देता है। लेकिन इससे नोबिता को फायदे की जगह अकसर नुकसान उठाना पड़ता है। दरअसल, वह गैजेट्स को गलत ढंग से ऑपरेट करने की वजह से मुसीबत में फंस जाता है। इससे कई हंसने वाले सीन क्रिएट होते हैं। हालांकि डोरेमोन की मदद से नोबिता हर मुसीबत से बाहर निकल आता है। लेकिन वह अपनी पिछली गलतियों से कोई सबक नहीं लेता है। वह आगे फिर गैजेट्स को गलत ढंग से यूज करता है और नई मुसीबत में फंस जाता है। इस तरह डोरेमोन और नोबिता की जोड़ी हंसाने वाली हरकतों के जरिए हमें धैर्य, साहस और दोस्ती निभाने की सीख भी देती है। *

## मोटू-पतलूः मजेदार भारतीय जोड़ी



**अपने देश** में हंसाने वाले कार्टून कैरेक्टर्स की जोड़ी में पहला स्थान 'मोटू और पतलू' का माना जाता है। मोटू और पतलू एक कॉमिक मैगजीन के कैरेक्टर हैं, जिनके नाम से 'मोटू पतलू' एनिमेटेड टेलीविजन सीरीज भी बनी है। एनिमेटेड टीवी सीरीज में मोटू का शरीर मोटा और कद छोटा है। वह लाल रंग का कुर्ता और पीले रंग का पजामा पहनता है। मोटू को समोसा बहुत पसंद है। किसी भी मुसीबत में फंसने पर समोसा खाने पर तुरंत उसके शरीर में बहुत शक्ति आ जाती है। मोटू का पक्का दोस्त पतलू है। पतलू पीला कुर्ता और संतरी रंग का पजामा पहनता है। वह हमेशा अखबार पकड़े दिखता है, जबकि उसे अखबार पढ़ना नहीं आता है। मोटू और पतलू फुरफुरी नगर में कुछ ना कुछ ऐसा करते रहते हैं कि किसी ना किसी मुसीबत में पड़ जाते हैं। तब उनकी हालत देखकर हर कोई हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाता है। लेकिन अंत में मोटू-पतलू की जोड़ी सब कुछ सही कर देती है। *

कविता

राजा चौरसिया



## ताक धिनाधिन

हंसे-हंसाएं,  
नाचें गाएं-  
ताक धिनाधिन।  
हाथ मिलाएं,  
खुशी मनाएं-  
ताक धिनाधिन।

मिलकर खाएं,  
और खिलाएं-  
ताक धिनाधिन।  
पढ़ने जाएं,  
धूम मचाएं-  
ताक धिनाधिन।

# जोकर का इतिहास

बच्चों, तुम कभी सर्कस गए होगे तो वहां पर रंग-बिरंगी अजीब सी ड्रेस पहने जोकर को जरूर देखा होगा। जोकर अपने चेहरे के हाव-भाव और हरकतों से लोगों को हंसाता है। यहां हम तुम्हें जोकर के बारे में बहुत सी बातों की जानकारी दे रहे हैं। बच्चों, जोकर को क्लाउन भी कहते हैं। ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार मिस्र देश के पांचवें राजवंश के शासनकाल में यानी लगभग 2,400 वर्ष ईसा पूर्व में पहले जोकर का उल्लेख मिलता है। प्राचीन यूनान देश (ग्रीस) के क्लाउन गंजे हुआ करते थे। ये बड़े दिखने के लिए गद्देदार कपड़े पहनते थे। प्राचीन रोमन क्लाउन नुकीली टोपियां पहनते थे। ये चुटकुलों के पात्र हुआ करते थे। 16वीं शताब्दी में डेल आर्ट थिएटर का आरंभ हुआ, जिसकी शुरुआत इटली में हुई थी। यह कॉमेडी थिएटर 16वीं और 18वीं शताब्दी के बीच पूरे यूरोप में लोकप्रिय था। डेल आर्ट कॉमेडी थिएटर में नकाब पहनने वाले दो चरित्रों हार्लेक्विन और पिरौएट नाम के क्लाउन उस दौर में बहुत फेमस हुए।

बच्चों, समय के साथ क्लाउन के रूप-रंग में बदलाव होते रहे। व्हाइट फेस वाले क्लाउन को पहली बार वर्ष 1801 में जोसेफ ग्रिमाल्डी ने डिजाइन किया था। इस क्लाउन का चेहरा और गर्दन सफेद रंग से रंगा होता है, मुंह पर एक मुस्कान और काली भौंहें होती हैं। वहीं, अगस्टे क्लाउन का चेहरा गुलाबी, लाल या हल्के भूरे रंग से रंगा होता है। मुंह और आंखों की पलकें सफेद रंग और भौंहें काली रंग में रंगी होती हैं। ड्रेस पूरी तरह फिट या बिल्कुल लूज होती हैं। यह चरित्र मजाक करने वाला या मूर्ख होता है। बच्चों, क्लाउंस को उनके एक्ट के अनुसार अलग-अलग नाम दिए गए हैं। जैसे, वह क्लाउन जो दूसरे क्लाउंस को डायरेक्शन देता है, बॉस क्लाउन कहलाता है। वह क्लाउन जो दर्शकों के सामने अपने एक्ट दिखाता है, कारपेट क्लाउन कहलाता है।

नौसिखिए क्लाउन को फर्स्ट ऑफ मई कहते हैं। ऐसा क्लाउन जिसके पास काफी अनुभव है, जिसने सर्कस में कम से कम एक पूरा सीजन बिताया हो, उसे टूपर कहते हैं। *

क्या तुम जानते हो



## रंग भरो 99



बच्चों, यहां पर पार्क की बैंच पर बैठकर हंसते हुए एक बच्चे और एक बच्ची का प्यारा-सा चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंगकर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi@haribhoomi.com पर मेल करो।

## खोजो तो जरा

बच्चो, दिए गए चित्र में कई सारे हंसते हुए बच्चे दिख रहे हैं। इनमें से किसी एक को छोड़कर बाकी सभी बच्चे पेयर यानी जोड़े में हैं। तुम्हें उस बच्चे को खोजना है, जिसका कोई पेयर नहीं है।




हास्य कथा

उपासना बेहार

क्या लड्डुओं की बारिश हो सकती है? हां, उत्तराखंड के एक गांव रामगढ़ में लड्डुओं की बारिश हुई और लोगों ने स्वादिष्ट लड्डू खाए। लेकिन लड्डुओं की यह बारिश हुई कैसे, जब तुम जानोगे तो हंस-हंसकर लोट-पोट हो जाओगे।

# लड्डुओं की बारिश



उत्तराखंड के रामगढ़ गांव में बानी रहती थी। उसका घर बहुत ऊंचे पहाड़ पर था। बानी की मां एक से एक स्वादिष्ट मिठाइयां बनाती थी। एक दिन मां ने लड्डू बनाए और फिर उन्हें एक गोल डब्बे में बंद करके रख दिए। अचानक लड्डुओं से भरा डिब्बा उनके हाथ से छूट कर गिर गया और लुढ़कने लगा। लुढ़कते हुए डिब्बा घर के खुले दरवाजे से बाहर की ओर चला गया। मां लड्डुओं से भरे डिब्बे के पीछे दौड़ी। डिब्बा तेजी से पहाड़ी से नीचे की तरफ लुढ़कने लगा। मां चिल्लाने लगी, 'अरे मेरा लड्डुओं से भरा डिब्बा लुढ़का रे.., कोई उसे पकड़ो रे।'

तभी बानी के पापा आ गए, उन्होंने भी डिब्बा लुढ़कते देखा। मां फिर से चिल्लाई, 'अरे मेरा लड्डुओं से भरा डिब्बा लुढ़का रे, कोई उसे पकड़ो रे।' बानी के पापा भी डिब्बे को पकड़ने के लिए उसके पीछे भागे। तभी बानी का छोटा भाई पीछे से आता दिखाई दिया। उसे देख मां जोर से चिल्लाई, 'अरे लड्डुओं से भरा डिब्बा लुढ़का रे, बेटा उसे पकड़ो रे..।'

ढलान होने के कारण डिब्बा पहाड़ से नीचे की तरफ तेजी से लुढ़कने लगा। बानी का भाई भी डिब्बे के पीछे भागा। अब आगे डिब्बा लुढ़क रहा था, उसके पीछे बानी की मां भाग रही थी। मां के पीछे पापा भाग रहे थे। मां चिल्लाए जा रही थी, 'अरे! मेरा लड्डुओं से भरा डिब्बा लुढ़का रे, कोई उसे पकड़ो रे।' डिब्बा था कि रुकने का नाम नहीं ले रहा था, इतनी तेजी से लुढ़क रहा था कि सरपट भागता हुआ घोड़ा भी पीछे रह जाए।

इतने में गांव के मुखिया दिख गए। उन्हें देखते ही बानी की मां जोर से बोली, 'मुखिया जी... मुखिया जी... मेरा लड्डुओं से भरा डिब्बा लुढ़का रे, कोई उसे पकड़ो रे..।'

मुखिया ने देखा बड़ा-सा डिब्बा लुढ़क रहा है। डिब्बे के अंदर के स्वादिष्ट लड्डुओं की कल्पना करके ही उनके मुंह में पानी आ गया। वो भी डिब्बे को रोकने के लिए दौड़ पड़े। अब आगे-आगे डिब्बा उसके पीछे मां, मां के पीछे पापा, पापा के पीछे भाई, भाई के पीछे मुखिया जी भाग रहे थे।

मां ने देखा सामने से बानी आ रही है। मां ने उसे जोर से आवाज लगाई, 'बानी, लड्डुओं से भरा डिब्बा लुढ़का रे, तू उसे पकड़ रे।' बानी ने देखा डिब्बा तेजी से उसकी तरफ लुढ़कता हुआ आ रहा है, वो डिब्बे को पकड़ने के लिए रोड के बीच में खड़ी हो गई। तभी रास्ते में एक बड़ा पत्थर आ गया। तेजी से लुढ़कता हुआ डिब्बा जोर से उस पत्थर से टकराया और ऊपर की तरफ उछला। हवा में डिब्बा खुल गया। सारे लड्डू नीचे की ओर गिरने लगे। पहाड़ी के नीचे की तरफ कुछ लोग खड़े थे। अचानक उनके ऊपर लड्डुओं की बारिश होने लगी। लोग झटपट सारे लड्डुओं को इकट्ठा करने लगे। वे सभी अचंभित हो गए कि आखिर ये लड्डुओं की बारिश कैसे हो रही है?

तभी उन्होंने देखा कि कई सारे लोग दौड़ते हुए उन्हीं की तरफ आ रहे हैं। मां ने देखा सभी के हाथों में लड्डू हैं। तब बानी की मां ने सभी को लड्डुओं की बारिश के पीछे का राज बताया। पहले तो सभी हंस-हंसकर लोट-पोट हो गए फिर सभी ने मिल कर मजे से लड्डू खाए और बानी की मां को धन्यवाद किया। *

कविता




## हंसो-हंसो

रोना-धोना छोड़ो भैया,  
ऐसी क्या मजबूरी है?  
हंसो-हंसो, भाई हंसो-हंसो,  
हंसना बहुत जरूरी है।  
हंसमुख जो होता है उससे,  
सभी लोग खुश रहते हैं।  
जिनकी रोनी सूरत उनको,  
सभी बुरा ही कहते हैं।  
खुशियों का है साज हंसी,  
है रस की सरताज हंसी।  
हंसो-हंसो, भाई हंसो-हंसो,  
सेहत का है राज हंसी।

# ये हैं अजमेर में घूमने की खूबसूरत जगहें, इन्हें नहीं देखा तो अधूरी है आपकी यात्रा

राजस्थान में अरावली पर्वतमाला से घिरा हुआ अजमेर शहर एक बहुत लोकप्रिय पर्यटक स्थल है। यह शहर सूफी संत मोइउद्दिन चिश्ती की दरगाह के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अजमेर शहर को पहले 'अजयमेरु' के नाम से जाना जाता था। यह शहर अपनी विशिष्ट वास्तुकला और संस्कृति के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अजमेर में कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं जो देश-विदेश में बहुत प्रसिद्ध हैं। इस शहर में आपको पारंपरिक राजस्थानी रंग-ढंग देखने को मिलते हैं। आज के इस लेख में हम आपको अजमेर शहर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं -

**अजमेर शरीफ**– अजमेर में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह यहाँ के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। इस दरगाह में हर धर्म-जाति के लोग मत्था टेकने के लिए आते हैं। कहा जाता है कि मुगल बादशाह अकबर आगरा से 437 किमी। पैदल चलकर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर बेटा होने की दुआ माँगने आए थे। आज के समय में देश-विदेश से लोग दरगाह पर आकर मन्नत मांगते हैं और मन्नत पुअर होने के बाद चादर चढ़ाते हैं।

**आना सागर झील**– अजमेर में आप आना सागर झील देख सकते हैं। यह एक बेहद खूबसूरत कृत्रिम झील है जो यहाँ आने वाले पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस झील का निर्माण पृथ्वीराज चौहान के पिता आणाजी चौहान ने करवाया था। आणाजी से नाम पर ही इस झील का नाम आना सागर पड़ा। इस झील के आसपास की जगह भी बेहद खूबसूरत है। यहाँ का दौलत बाग देखने में बहुत खूबसूरत है, जिसका निर्माण जहांगीर ने करवाया था। इस झील में आप नौका विहार का आनंद ले सकते हैं।



**पुष्कर सरोवर**– अजमेर स्थित पुष्कर झील देशभर में बहुत मशहूर है। यह सरोवर हिन्दू धर्म के लोगों के लिए आस्था का एक बड़ा केंद्र है। भारत के पांच पवित्र सरोवरों में पुष्कर झील भी शामिल है। कुछ विशेष अवसरों पर यहां श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आते हैं। अजमेर आए पर्यटक पुष्कर सरोवर घूमने जरूर आते हैं। यहां आप ऊंट सवारी का आनंद ले सकते हैं।

**अढ़ाई दिन का झोपड़ा**– अजमेर में स्थित अढ़ाई दिन का झोपड़ा एक ऐतिहासिक मस्जिद है। इस मस्जिद का निर्माण 1192 में मोहम्मद गोरी के निर्देश पर कुतुब-उद-दीन ऐबक द्वारा करवाया गया था। इस मस्जिद में ढ़ाई दिन का उत्सव चलता है जिसकी वजह से इस मस्जिद को यह नाम दिया गया है। इस मस्जिद के निर्माण में खूबसूरत वास्तुकला का इस्तेमाल देखने को मिलता है। दूर-दूर से लोग इस मस्जिद में मत्था टेकने आते हैं।

**तारागढ़ किला**– तारागढ़ किला, अजमेर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इस किले का निर्माण सन 1354 में किया गया था और यह राजस्थान के सबसे प्रसिद्ध प्राचीन संरचनाओं में से एक है। यह किला पर्यटकों के लिए राजस्थानी वास्तुकला का एक शानदार और उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है।

**सोनी जी की नसियां**– अजमेर में स्थित सोनी जी की नसियां एक प्रसिद्ध जैन मंदिर हैं। इसे लाल मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर जैन धर्म के पहले तीर्थकर को समर्पित हैं। सोनी जी की नसियां मंदिर का मुख्य आकर्षण इसका मुख्य कक्ष है, जिसे स्वर्ण नगरी या सोने के शहर के नाम से भी जाना जाता हैं। इस मंदिर में जाएं धर्म से जुड़ी सोने की लकड़ी की कई आकृतियां बनी हुई हैं। यह मंदिर पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय है और दूर-दूर से लोग इस मंदिर को देखने आते हैं।

# अटल की कर्मभूमि पर याद किये गये शिव कुमार





लखनऊ के डालीगंज स्थित साइंटिफिक कंवेंशन सेंटर में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के निजी सचिव शिवकुमारजी की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, पूर्व डिप्टी सीएम डा. दिनेश शर्मा। इस अवसर पर सहारा इंडिया परिवार के प्रबंध कार्यकर्ता एवं चेयरमैन 'सहाराश्री' सुब्रत रॉय सहारा, सीनियर एडवाइजर श्री अनिल विक्रम सिंह, महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन, भाजपा के नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा सहित शिवकुमारजी के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। फोटो : स्वपन पॉल



## महान व्यक्तित्व के धनी थे शिव कुमार : सहाराश्री

लखनऊ । स्मृति सभा में विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले सहारा इंडिया परिवार के प्रबंध कार्यकर्ता एवं चेयरमैन 'सहाराश्री' सुब्रत रॉय सहारा ने शिवकुमार जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। सहाराश्री ने कहा कि शिव कुमार जी महान व्यक्तित्व के धनी थे। वह बहुत बड़े परोपकारी थे, हर किसी की मदद को हरदम आगे रहते थे। बड़े हृदय वाले शिवकुमार सभी के प्रिय भी रहे। सहाराश्री ने कहा कि अटल जी व शिव कुमार जी का साथ लम्बे समय तक रहा, यह अपने आप में बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि शिव कुमार जी मेरे दोस्त थे। उनके साथ काफी समय बीता पर जब उनके जाने का समाचार मिला तो बड़ा ही कष्ट हुआ। वह सभी के प्रेरणास्रोत हैं। शिव कुमार जी के जाने से उनके परिजनों को अपूरणीय क्षति हुई है। मैं ईश्वर से परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।



लखनऊ (एसएनबी)। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मभूमि पर उनके निजी सचिव व घनिष्ठ सहयोगी रहे शिव कुमार पारीक को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। स्मृति सभा में तमाम राजनेताओं के साथ ही बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और गण्यमान्य लोगों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्मरण किया। अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को आयोजित स्मृति सभा में शिव कुमार के परिजनों के साथ ही तमाम मंत्रीगण और भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने शिव कुमार जी की स्मृति में एक-एक दीप प्रज्ज्वलित कर उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत शिव कुमार जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई। भजन गायक किशोर चतुर्वेदी व साथियों ने अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। कार्यक्रम में मौजूद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, पूर्व मंत्री व विधायक आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' व महापौर संयुक्ता भाटिया के साथ ही मुख्य रूप से सहारा इंडिया परिवार के प्रबंध कार्यकर्ता एवं चेयरमैन 'सहाराश्री' सुब्रत रॉय सहारा ने शिव कुमार जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कहाकि अटल जी व शिव कुमार जी एक-दूसरे के पूरक थे। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा को एक साथ मजबूती से लाना दोनों ही हस्तियों का लक्ष्य रहा। राष्ट्रवादी विचारों, मानवीय मूल्यों और आदर्शों से शिव कुमार जी ने असंख्य कार्यकर्ताओं को पोषित करने का भी काम किया।

- स्मृति सभा में पूर्व प्रधानमंत्री के निजी सचिव को श्रद्धांजलि अर्पित करने जुटीं तमाम राजनीतिक हस्तियां व समाजसेवी
- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, पूर्व डिप्टी सीएम डा. दिनेश शर्मा के साथ 'सहाराश्री' ने अर्पित की पुष्पांजलि
- सभी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिव कुमार जी के सपनों को साकार करने का लिया संकल्प

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि शिव कुमार जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र के निर्माण को समर्पित किया। उन्होंने जीवन के अंतिम समय तक अटल जी का साथ नहीं छोड़ा। पूर्व मंत्री व विधायक आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' ने कहाकि शिव कुमार जी कुशल संगठनकर्ता थे। हर कार्यकर्ता के लिए वह मुहैया रहते थे और सभी से बात कर उन्हें पूर्णतः संतुष्ट करते थे।

महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि शिव कुमार जी में कार्यकर्ताओं के प्रति संरक्षण का भाव था। वह हमसभी के प्रेरणा स्रोत हैं। अटल जी के प्रति उनका सेवा भाव अद्वितीय रहा। कार्यक्रम में भाजपा के नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, राजीव मित्रा के साथ ही पार्टी के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता, चिकित्सक, अधिवक्तागण, समाजसेवी भी मौजूद रहे।

शिव कुमार जी के परिजनों ने भी बारी-बारी से मंच पर आकर उनकी यादों को ताजा कर उन्हें नमन किया। उनकी पुत्रवधू श्रीमती अलका पारीक ने कहा कि उनकी स्मृतियों को सहेजना गागर में सागर भरना है। 'बाबूजी' अपने 60 वर्ष के राजनीतिक सफर में सभी के दिलों में उतर गये। वह ओजस्वी वक्ता, बहुमुखी प्रतिभा के धनी और अनुशासित पाठशाला रहे। अटल जी के साथ उनका सफर चुनौतीपूर्ण रहा उन्होंने हर बड़ी चुनौती स्वीकार की। अटल जी के निधन के बाद वह विचलित रहते थे पर समूचे देश में 'कमल' खिलाने के लिए वह अटल जी की ही तरह दृढ़संकल्पित रहे। शिव कुमार जी के दोनों सुपुत्रों महेश पारीक व दिनेश पारीक ने कहा कि पिता जी कभी हमारे मित्र तो कभी गुरू बने, मां के देहांत के बाद उन्होंने मां का रोल भी बखूबी अदा किया। इस मौके पर शिव कुमार जी की पुत्र वधू मंजू पारीक, पुत्री शिवांगी, पौत्र तन्मय, पौत्री श्रद्धा, भुवनेश, गगन व अन्य परिजनों ने भी उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## समांथा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

हैदराबाद (आईएएनएस)। शकुंतलम की निर्माता नीलिमा गुना ने सामंथा को सोशल मीडिया पर जन्मदिन की बधाई दी हैं। नीलिमा गुना ने गुनशेखर के निर्देशन में बनी फिल्म शकुंतलम से एक शानदार तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि शकुंतलम की अलौकिक शकुंतला को जन्मदिन की शुभकामनाएं ! सामंथा



रूथ प्रभु फोटो में सफेद गाउन पहने हुए हैं और काले हंसों से घिरे एक रॉक गार्डन में पोज दे रहे हैं। यह पहली बार है जब सामंथा एक पौराणिक चरित्र पर आधारित भूमिका में नजर आएंगी। यह अभिनेत्री की पहली अखिल भारतीय फिल्म भी है। गुना शेखर के निर्देशन में बनी यह फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। देव मोहन राजा दुष्यंत की भूमिका निभा रहे हैं, और कबीर सिंह दूहन राजा असुर की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं अभिनेता अल्लू अर्जुन की सबसे छोटी बेटी अल्लू अरहा 'शकुंतलम' में राजकुमार भरत के रूप में दिखाई देंगी।

# प्रतिदिन मेडिटेशन करना क्यों है जरुरी



नई दिल्ली (आईएएनएस)। आम धारणा के विपरीत, मेडिटेशन अपने विचारों या दिमाग को अलग-थलग करने और खाली करने के बारे में नहीं है। यह खुद के अंदर की ओर जाने, अपने विचारों को स्वीकार करने और फिर बिना किसी निर्णय के उनसे अलग होने के बारे में है। जब मैं ध्यान के बारे में बात करती हूं तो मुझे सबसे आम प्रतिक्रियाएं मिलती हैं 'मैं ध्यान नहीं कर सकता', 'मैं अपना दिमाग खाली नहीं कर सकता', 'जैसे ही मैं अपना दिमाग खाली करता हूं, हजारों विचार मेरे दिमाग में प्रवेश करते हैं', 'लंबे समय तक बैठे रहने से मुझे पीठ और कूल्हे में दर्द होता है। ठीक है, यह सब सच हो सकता है यदि आप बिना किसी अनुभव के मेडिटेशन के गहरे अंत में खुद को धकेल देते हैं। मूल बातें से शुरू करें। अपने शरीर को बुनियादी सरल आसन (योग स्ट्रेच) के माध्यम से तैयार करके शुरू करें और प्राणायाम (श्वास तकनीक) के माध्यम से सांस लें। ऐसी जगह खोजें जो आपके लिए ध्यान करने के लिए आरामदायक हो। कुछ लोग घर या आफिस में शांत जगह का इस्तेमाल करते हैं। आप प्रकृति में बाहर भी ध्यान कर सकते हैं।

**तनाव चिंता को कम करता है ध्यान :** ध्यान तनाव, चिंता और नकारात्मक भावनाओं को कम करता है ध्यान एक उपहार है जिसे आपको हर दिन खुद को समर्पित करना चाहिए। तनाव को कम करने में मदद करने के लिए अपनी सांस का प्रयोग करें और इस समय अधिक जागरूक और उपस्थित बनें। तनाव, चिंता और नकारात्मक भावनाएं अप्रत्याशित होती हैं, वे अपनी मर्जी से आती हैं और चली जाती हैं लेकिन ध्यान के माध्यम से, आप अपने और अपने दिमाग पर उनकी शक्ति को नियंत्रित कर सकते हैं। समय के साथ आप अपने भीतर जमा होने वाले तनाव, चिंता की मात्रा में परिवर्तन देखेंगे। बस अपनी आंखें बंद करने और लगातार सांस लेने से जबरदस्त प्रभाव पड़ता है, खासकर जब आप तनावपूर्ण स्थितियों को उत्पन्न होने की पहचान करते हैं। चिंता को कम करने के लिए ध्यान इतना शक्तिशाली है।

**नींद में सुधार :** विभिन्न प्रकार की ध्यान तकनीकें आपके नींद चक्र में बाधा डालने वाले भगोड़े विचारों को आराम और नियंत्रित करने में आपकी मदद कर सकती हैं। यह सोने में लगने वाले समय को कम कर सकता है और आपकी नींद की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है।

**दिमाग को शांत करने में मदद करता है ध्यान :** लोगों के ध्यान करने के मुख्य कारणों में से एक है एक जोरदार, अति सक्रिय दिमाग को शांत करने में मदद करना। दैनिक ध्यान उपचार का समर्थन करने और चिंता और अवसाद के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ध्यान तनाव और चिंता से लड़ने में मदद करता है, जो दोनों ही अवसाद के प्रमुख ट्रिगर प्वाइंट हैं।

**फोकस, रचनात्मकता और उत्पादकता बढ़ता है ध्यान :** यह फोकस, रचनात्मकता और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करता है, काम पर अधिक रचनात्मक और उत्पादक महसूस करना चाहते हैं? अब ध्यान करना शुरू करें। ध्यान रचनात्मक सोच और समस्या-समाधान को प्रोत्साहित कर सकता है। ध्यान हमें अपनी भावनाओं को अपने काम से अलग करने में भी मदद करता है, जो हमें अधिक स्पष्ट रूप से सोचने और नए विचारों को विकसित करने में मदद करता है।

**भावनात्मक बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देता है :** जब तक आप अपने विचारों का निरीक्षण करने का प्रयास नहीं करते हैं और यह समझने का प्रयास नहीं करते हैं कि मन क्या कर रहा है, आप कभी भी अपने आंतरिक मन के बारे में नहीं जान सकते। हममें से कई लोगों को अपनी भावनाओं को समझने में परेशानी होती है। ध्यान हमें अपनी भावनाओं के बारे में अधिक जागरूक होना सिखाता है और हमें उन्हें बेहतर तरीके से संसाधित करने में मदद करता है।

- अपने शरीर को बुनियादी सरल आसन (योग स्ट्रेच) के माध्यम से तैयार करके शुरू करें और प्राणायाम (श्वास तकनीक) के माध्यम से सांस लें।
- ऐसी जगह खोजें जो आपके लिए ध्यान करने के लिए आरामदायक हो। कुछ लोग घर या आफिस में शांत जगह का इस्तेमाल करते हैं। आप प्रकृति में बाहर भी ध्यान कर सकते हैं।

## गॉडफादर में नजर आएंगे सत्य देव

हैदराबाद (आईएएनएस)। चिरंजीवी की 153वीं फिल्म गॉडफादर में एक्टर सत्य देव अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसकी जानकारी उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पर दी। सत्य देव ने नोट में लिखा- हमारे आचार्य वह हैं जिन्होंने हमारे जैसे हजारों लोगों के लिए एक आदर्श के रूप में काम किया है। मैंने हमेशा आपकी प्रशंसा की है और आप जैसा अभिनेता बनने की कोशिश की है। मैं इसका हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं।



चिरंजीवी ने जवाब देते हुए लिखा, आप जैसे अभिनेता मेरे प्रशंसक है, मुझे इस बात पर गर्व होता है। आचार्य में आपकी छोटी भूमिका के लिए बधाई, लेकिन मैं चाहता हूं कि आप गॉडफादर में एक बड़ी भूमिका के जरिए मेरा साथ दें।

## 'अवतार' का सीक्वल जल्द

लॉस एंजिलस (आईएएनएस)। लंबे इंतजार के बाद, निर्देशक जेम्स कैमरून आखिरकार दर्शकों के लिए 'अवतार' का सीक्वल ला रहे हैं। जिसका टाइटल 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' रखा गया है। फिल्म थिएटर मालिकों की वार्षिक




माटिंग में डिज्नी ने सिनेमाकॉन में बहुप्रतीक्षित फिल्म के नए फुटेज का अनावरण किया। सिनेमा कॉन में उपस्थित लोगों को 3डी में एक मिनट लंबा ट्रेलर दिखाया गया, जिसमें कोई संवाद नहीं था। प्रदर्शकों को ग्रह के क्रिस्टल नीले महासागरों और झीलों के व्यापक दृश्यों के माध्यम से पेंडोरा की चमकदार दुनिया में विभिन्न क्षेत्रों में दिखाया गया। फुटेज में नावी की स्थानीय जनजाति को व्हेल और पेलिकन जैसी विभिन्न प्रजातियों के साथ बातचीत करते हुए भी दिखाया गया है।

पहली फिल्म की घटनाओं के एक दशक से भी अधिक समय के बाद, 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' सुली परिवार उनके बाद आने वाली परेशानी, जिंदा रहने के लिए वे जो लड़ाइयां लड़ते हैं और जिन त्रासदियों को वे सहते हैं, की कहानी बताना शुरू करता है। ट्रेलर 6 मई को मार्वल की 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' से पहले सिनेमाघरों में विशेष रूप दिखाया जाएगा।

# जानें क्यों तूफानों से भरा है बृहस्पति

मेलबर्न (द कन्वरसेशन)। बृहस्पति हमारे सौर मंडल में सबसे बड़ा ग्रह है, और इसका मौसम बहुत अनोखा है। हमारे पास बृहस्पति की सुंदर छवियां हैं जो पूरे ग्रह को ढके हुए धारीदार, तूफानी बादलों को दिखाती हैं। दरअसल, बृहस्पति तूफानों से आच्छादित है। कुछ छोटे हैं, लेकिन कुछ इतने बड़े हैं कि वे पूरी पृथ्वी को ढक सकते हैं। इन तूफानों में सबसे बड़ा प्रसिद्ध ग्रेट रेड स्पाट है, जिसे मैंने देखा है और आप यह बात जानते हैं। यह स्पाट कोई जगह नहीं वास्तव में एक चक्रवात है, जो पृथ्वी पर आने वाले तूफान और चक्रवात के समान है। यह गोल घूमने वाली शक्तिशाली हवाओं से बना है। ये हवाएं पृथ्वी पर किसी भी तूफानी हवाओं की तुलना में पांच गुना तेज हैं। ग्रेट रेड स्पाट बृहस्पति के तूफानों के दादा की तरह है। यह कई वर्षों से घूम रहा है, लेकिन हाल ही में हमने इसे छोटा होते देखा है।

### तूफानी धारियां

बृहस्पति एक विशाल, धारीदार गेंद की तरह दिखता है जो बहुत तेजी से घूमती है। हल्के रंग की धारियां ऊपर उठती हवा के साथ बादल हैं, जबकि गहरे रंग की धारियां वह बादल हैं जो नीचे की तरह आ रहे हैं। जब आप बृहस्पति पर एक दूसरे के बगल में गहरी और हल्की धारियों को देखते हैं, तो यह वास्तव में विपरीत दिशाओं में चलने वाली हवाएं होती हैं। जब ऐसा होता है, तो ये बड़े चक्रवातों को स्पिन कर सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे बीच बाल खेलते समय गेंद को एक हाथ से धक्का देना और दूसरे हाथ से खींचना इसे स्पिन कर देगा। ग्रेट रेड स्पाट को मनुष्य कम से कम 200 वर्षों से देख रहा है और यह लगभग पूरे समय तेज हवाएं चलाता रहता है।



सभी तूफानों की तरह, यह दिन-प्रतिदिन बदल सकता है। कभी गोल तो कभी अंडे की तरह दिखता है। इसका रंग भूरा-लाल से हल्के लाल रंग में भी बदल सकता है। कभी-कभी यह लगभग सफेद दिखता है, लेकिन हाल ही में वैज्ञानिकों ने इस विशाल चक्रवात के सिकुड़ने पर ध्यान दिया है। लगभग 100 साल पहले, ग्रेट रेड स्पाट आज की तुलना में लगभग तीन गुना बड़ा था।

### क्यों सिकुड़ रहा है

यह समझने के लिए कि यह क्यों सिकुड़ रहा है, पहले यह समझने से मदद मिलती है कि पृथ्वी पर चक्रवात क्यों सिकुड़ते हैं (और अंततः रुक जाते हैं)। पृथ्वी पर, चक्रवात अक्सर कठोर भूमि या ठंडे पानी पर जाने से पहले गहरे, गर्म महासागरों के ऊपर बनते हैं। जब चक्रवात की हवाएं कठोर भूमि से टकराती हैं, तो हवाएं धीमी हो जाती हैं (और इसलिए चक्रवात धीमा हो जाता है)। पृथ्वी पर चक्रवात अन्य मौसमों और उनके आसपास की हवाओं से भी प्रभावित होते हैं, जो कुछ ही दिनों में चक्रवात को 'मंद' कर सकते हैं, लेकिन बृहस्पति के पास पृथ्वी जैसी कठोर, चट्टानी सतह नहीं है। और भले ही बृहस्पति के बादलों में हवा बेहद सर्द हो, लेकिन अंदर की ओर हवा बहुत गर्म होती है।

यह गर्म हवा तूफानों को महीनों, या वर्षों तक उत्पात मचाने के लिए भरपूर ऊर्जा देती है। इसलिए जबकि ग्रेट रेड स्टार्म सिकुड़ रहा है, यह वास्तव में अभी भी थोड़ा लंबा हो सकता है। और इसमें घूमते रहने के लिए भरपूर ऊर्जा है। हम इसे किनारों पर कमजोर होते भी देख सकते हैं क्योंकि यह अन्य तूफानों और इसके चारों ओर हवाओं में फिसल जाता है। लेकिन खगोलविद अभी भी नहीं जानते हैं कि क्या यह पूरी तरह से रूक जाएगा।

## मैं फिल्म को रिजेक्ट नहीं करती मृणाल ठाकुर

मुंबई (आईएएनएस)। मृणाल ठाकुर ने जर्सी में सात साल के बच्चे की मां की भूमिका निभाई है। उनका कहना है कि वह कभी भी उम्र को निर्णायक कारक के रूप में नहीं मानती हैं। मृणाल कहती हैं कि कई बार अभिनेताओं को उनकी वास्तविक उम्र की परवाह किए बिना भूमिका निभाने की क्षमता के लिए चुना गया है। वास्तव में, उनमें से अधिकांश की सराहना की गई है। उद्योग ने चुनौती स्वीकार की है। एक फिल्म में काम करने का मेरा निर्णय मेरे चरित्र की उम्र पर आधारित कभी नहीं होगा। बल्कि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि मैं स्क्रिप्ट के साथ कितनी अच्छी तरह फिट बैठती हूं और मेरे लिए यह कितना दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्य रूप से सिर्फ मेकअप और स्टाइलिंग से इस मामले में प्रदर्शन को ऊंचा करने में मदद नहीं मिलती है, इसलिए हम अभिनेता के रूप में एक ऐसे चरित्र के तौर-तरीकों को आजमाते हैं और सही करते हैं जो हमारी वास्तविक उम्र के करीब नहीं है। मृणाल एक पारिवारिक कॉमेडी फिल्म आंख मिचोली में अभिमन्यु दासानी के साथ होंगी, उसके बाद ईशान खट्टर और प्रियांशु पेन्युली के साथ युद्ध ड्रामा बायोपिक 'पिप्पा' में नजर आएंगी।



# शासन प्रशासन के द्वारा दी गई दिशा-निर्देश के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ पढ़ी गई अलविदा जुमा की नमाज

प्रखर मिजार्पुर। रोजेदारों ने धूप की तपिश गर्मी में रोजा रख पढ़ी अलविदा जुमे की नमाज। जुमा में सबसे अफजल माना जाने वाला माहे रमजान के मुबारक महीने का आखिरी जुमे की नमाज अदा किया गया, जिसे अलविदा जुमा कहा जाता है। आज मिजार्पुर जिले भर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अदा किया जुमे की नमाज। अलविदा जुमा की नमाज शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में नमाज पढ़ा गया। दुनिया में चैन और अमन बना रहे माहे रमजान का मुबारक महीना आज उसका आखिरी जुमा है जिसे अलविदा जुमे के नाम से जाना जाता है आज के दिन पूरी दुनिया में इबादत में लगी रहती है और खुदा से दुआ किया जाता हैं दुनिया में भाईचारा सद भाव प्रेम बना रहे। वहीं विंध्याचल स्थित कंतीत मजार के प्रांगण में सभी रोजेदारों ने एक साथ बैठकर अलविदा जुम्मा की नमाज अदा किया। अलविदा जुमा की नमाज एसपी सिटी व अपर जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में हुई संपन्न। अलविदा जुम्मा के नमाज के दृष्टिगत जनपद के समस्त मस्जिदों के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त पुलिस बल को लगाया गया था जिससे कि कहीं कोई अप्रिय



घटना घटित ना होने पाए और अलविदा जुम्मा की नमाज सकुशल संपन्न हो जाए जिसका नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार वर्मा के द्वारा किया गया और समस्त क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया वहीं इमामबाड़ा पर स्थित जामा मस्जिद के पास पर्याप्त पुलिस बल के साथ रूट मार्च भी किया गया और साथ में मौजूद अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला के द्वारा भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। और एसपी सिटी के द्वारा जामा मस्जिद के बाहर बैठे कुछ लोगों को दान के रुप में पैसा देकर पुण्य का कार्य किया गया।

## जला ट्रांसफार्मर 24 घण्टे में बदला, ग्रामीणों में खुशी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा उपकेंद्र से सम्बद्ध कुआर बाजार में लगा 250 केबीए का ट्रांसफार्मर मात्र 24 घण्टे के अंदर बदले जाने से बाजार के लोगो ने विद्युतकर्मियों का मुंह मिठाकर खुशी का इजहार किया। बताते है कि बुधवार की सायंकाल में ओवरलोड के चलते 250 केबीए का ट्रांसफार्मर जल गया। जब इसकी सूचना पूर्व ग्राम प्रधान संजय जायसवाल ने एसडीओ राहुल सिंह को दी। राहुल सिंह ने तत्परता दिखाते हुए गुरुवार को सायंकाल में ट्रांसफॉर्मर बदलवाते हुए उसे हिट कराया और शुक्रवार को आपूर्ति शुरू हो गई। विद्युत विभाग के इस सक्रियता पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता दिखाई और विद्युतकर्मियों का मुंह मीठा कराया और कहाकि पहली बार 24 घण्टे में ट्रान्सफार्मर गया।

# यूपी आथोर्पेडिक एसोसिएशन द्वारा 46 वां वार्षिक कॉन्फ्रेंस का 3 दिवसीय आयोजन का हुआ उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी में यूपी आथोर्पेडिक एसोसिएशन द्वारा 46 वां वार्षिक कॉन्फ्रेंस का तीन दिवसीय आयोजन का उद्घाटन होटल ताज गंगेज में हुआ उद्घाटन सत्र में 28 अप्रैल को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित चंडीगढ़ से आये राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर रमेश सेन एवं मुंबई के सम्मानित अतिथि राम चड्ढा थे साथ ही मौजूद डॉ कौशल अग्रवाल और डॉ अमित रस्तोगी को जॉइंट सेक्रेटरी डॉ अमित जयसवाल ने पुष्प देकर अभिनंदन किया। वाराणसी में विगत 17 सालों बाद यह आयोजन यूपी आथोर्पेडिक एसोसिएशन के द्वारा वाराणसी में हो रहा है। जिसका विषय-I0A President Theme:- SUCCESS WITH SURGICAL AND SOFT SKILLS | जिसमें यूपी के अलावा देश के अन्य शहरों मुंबई दिल्ली रांची केरला उत्तराखंड व बिहार के जाने माने विशेषज्ञ उपस्थित रहें। प्रख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं उत्तर प्रदेश आथोर्पेडिक एसोसिएशन के पूर्व सचिव एवं अध्यक्ष डॉ अजीत सैगल को लाइव टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया। वाराणसी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर आरपी गुप्ता, सचिव डॉ कर्म राज सिंह, वाईस प्रेसिडेंट डॉ अमित जायसवाल, डॉक्टर के पी अग्रवाल, प्रोफेसर अमित रस्तोगी, डॉक्टर गौतम चक्रवर्ती एवं प्रदेश एवं देश के प्रमुख आथोर्पेडिक सर्जन उपस्थित रहे।




# भाजपा महानगर की तीन दिवसीय कार्यशाला 30 अप्रैल से



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भाजपा महानगर की ओर से 30 अप्रैल 1 व 2 मई को आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के संदर्भ में गुलाब बाग, सिगरा स्थित पार्टी कार्यालय में महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई` उक्त कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह तथा समापन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे बैठक का संचालन महामंत्री जगदीश त्रिपाठी ने किया` बैठक में मुख्य रूप से नवीन कपूर, अशोक पटेल, आत्मा विश्वेश्वर, मधुकर चित्रांश, साधना वेदांती, इंजीनियर अशोक यादव, महानगर मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठ, नीरज जायसवाल, डॉ अनुपम गुप्ता, दिलीप साहनी, किशन कनौजिया, बृजेश चौरसिया, डॉक्टर हरि केसरी, डॉ रचना अग्रवाल, कुणाल पांडेय, रितिक मिश्रा आदि शामिल रहे।

# धीना थाना ने 5 बाइक के साथ दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

प्रखर चंदौली। जिले के धीना थाना पुलिस द्वारा चोरी की 5 मोटरसाइकिल सहित 2शातिर वाहन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा। बताते चलें की पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में धीना पुलिस को उस समय सफलता मिली। जब मुखबिर की सूचना पर रेवती कगांव से रैथा की तरफ से दो मोटरसाइकिल पर बैठकर रहे थे। दोनों मोटरसाइकिल चोरी की है जिसमें बेचने हेतु ले जाया जा रहा है ।इसकी सूचना पर विश्वास करते हुए सिलौटा नहर की तरफ चल दिए तथा पुलिया के पास पहुंचकर पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा कर अपने को छुपाते हैं । आने वाले वाहन का इंतजार करने लगे। थोड़ी देर बाद दोनों व्यक्ति अलग-अलग मोटरसाइकिल सवार होकर एक ही साथ आते हुए दिखाई दिए।मुखबिर के इशारों पर रोकने घेरा डालकर खड़े हो गए और दोनों मोटरसाइकिल चोर पकड़ लिए गए।दोनों मोटरसाइकिल चोरों ने बताया कि हम दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल चोरी करते हैं और चोरी हुई मोटरसाइकिल को छुपा कर रख देते हैं तथा गाहक की तलाश कर उन्हें अच्छे दामों में बेचने में जुड़ जाते हैं ।बेचने के लिए रैथा गेस्ट हाउस की खंडहर में दो मोटरसाइकिल और एक विक्की पुलिस द्वारा बरामद की गई ।इस संबंध में गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा अपराध संख्या 48 / 2022 धारा 379, 411 ,413 414 भारतीय दंड विधान के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।इस संबंध में धीना थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त बंसी कुमार पुत्र अरविंद निवासी ग्राम रैथा थाना धीना जिला चंदौली। और दूसरा अभियुक्त विजेंद्र कुमार उर्फ रितिक पुत्र गंगा लाल निवासी ग्राम गुरैनी थाना धानापुर जनपद चंदौली का है। जिनके खिलाफ धीना थाने व धानापुर थाने में कुल 3 मुकदमे दर्ज हैं ।

## बूंद, बूंद पानी को तरस रहे गांव के लोग, गंगा जी का पानी पीने के लिए मजबूर ग्रामीण

प्रखर मिजार्पुर। गोपालपुर माल गुडा लगभग 5000 की आबादी में 7 से 8 हैंडपंप लगवाए गए हैं जो आबादी के मुताबिक बिल्कुल कम है गोपालपुर, मंगराही, उधीपुर, आदि लगभाग, पांच हजार की आबादी वाले गांव में महज, सात, से आठ चपाकल, जी हां सही सुना आपने विंध्याचल से सटे गांव गोपालपुर, गांव में पानी की भारी किल्लत से गांव के लोग जूझ रहे हैं गंगा घाट से सटे इस गांव के लोग अब गंगा जी का पानी पीने लगे हैं। इतनी बड़ी आबादी में महज सात से आठ हैंड पंप लगे हुए हैं जो कुछ हैंडपंप खराब भी हो गए हैं जो गांव की समस्या का कारण बना हुआ है। अगर एक दो, हैंडपंप को गांव के बीज धनी आबादी के बीच में बोर करवा दिया जाए तो कुछ हद तक इस भीषण गर्मी में गांव के लोगों को राहत मिल सके ग्राम प्रधान भारत प्रसाद के मुताबिक इतनी बड़ी आबादी में महज कुछ ही हैंडपंप है आबादी के मुताबिक बहुत कम है, जो बिलकुल उचित नहीं है। इस भीसड़ गर्मी में कुछ हैंडपंप खराब भी है जो कि बनवाने का काम भी किया जा रहा हैं। सरकार द्वारा वाटर सप्लाई हर घर टोटी का भी कार्य प्रगति पर है मगर कुछ बिलंभ हैं कार्य में , मगर इस भीषण गर्मी जमीन आसमान से बरस रही आग में लोगों की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा हैं।

# सकुशल संपन्न हुई अलविदा की नमाज आग उगलती गर्मी में आस्था पड़ी भारी

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। पाक महीना रमजान के आखिरी जुम्मे को संपन्न होने वाली अलविदा की नमाज नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी-बड़ी सभी मस्जिदों शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुई, सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में चक्र मड़ करते देखे गए, नगर के सत्यान गंज स्थित जामा मस्जिद इमाम हाफिज जफर मोबीन ने नमाज संपन्न कराई आम दिनों की अपेक्षा इस शुक्रवार अलविदा को नमाजी भारी तादात में मस्जिद पहुंचे, मस्जिद के छतों पर टेंट लगाकर नमाजियों को नमाज पढ़ने की व्यवस्था कमेटी की तरफ से की गई थी, नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर के समस्त मस्जिदों व उनके जाने वाले मार्गों पर साफ सफाई एवं चूने का छिड़काव किया गया था सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक मस्जिदों पर पुलिस व पीएसी फोर्स मौजूद रही , बस स्टैंड स्थित बुडादेई मस्जिद के इमाम मौलाना अंसार उल हक ने नमाज संपन्न कराई,



नगर के तकिया मोहल्ला स्थित मस्जिद में हाफिज साहिल ने नमाज संपन्न कराई, पटवा टोला स्थित टिन वाली मस्जिद में मौलवी अनवार अंसारी ने नमाज संपन्न कराई, अन्य मस्जिदों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी शांति पूर्वक नमाज संपन्न हुई,

## सरकार द्वारा प्रदेश के कोटेदारों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है- गिरीश तिवारी

प्रखर वाराणसी। आल इण्डिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने एक कार्यक्रम में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 80000हजार राशन डीलरो के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।जबकि प्रदेश के कोटेदारों द्वारा लगभग एक साल से निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कराया जा रहा है। इसी खाद्यान्न वितरण पर 2022 का विधानसभा चुनाव भी भारतीय जनता पार्टी लड़कर पूर्ण बहुमत की दोबारा सरकार बनाई। लेकिन जो करौना काल में अपनी व अपने परिवार की चिंता किये बगैर अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न वितरण किया। लेकिन सरकार शायद यह भूल गई। जबकि 2022 के चुनाव में प्रदेश के कोटेदार पूरी निष्ठा से भारतीय जनता पार्टी को समर्थन किया। अभी तक प्रदेश के कुछ जनपदों में अक्टूबर 21 से मार्च 2022 का निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का कमीशन भी नहीं मिल पाया है। जिससे कोटेदार की माली हालत गंभीर हो गई है।

# कड़ी धूप में विद्यालय के शिक्षकों ने दूरदराज क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर किया नामांकन

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के तरियारी के कस्तुरीपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक द्वारा नामांकन अभियान में दूर-दराज क्षेत्र व घर-घर जाकर जोरों के साथ नामांकन किये ' और साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल के शत-प्रतिशत नामांकन अभियान के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी केराकत मुकेश कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक केराकत के शिक्षक नामांकन लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश में लगे रहे उक्त क्रम में विकासखंड केराकत के तरियारी सम्मिलित गांव के कस्तूरीपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों द्वारा नामांकन अभियान के तहत घर घर जाकर अभिभावक संपर्क के माध्यम से बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया गया इसी क्रम में आज प्राथमिक विद्यालय कस्तूरीपुर के प्रधानाध्यापक रामआसरे यादव तथा सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार यादव व शिव सामुझ यादव के द्वारा अभिभावकों को सरकार द्वारा प्रदान



की जा रही सुविधाओं तथा विद्यालय में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी अभिभावकों को दी गई विद्यालय में नामांकन कराने हेतु अभिभावकों में खास उत्साह दिखा जिसमें की सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा तथा व्यवस्था एवं सुविधा सरकार द्वारा दी जा रही है।

## नामांकन महाअभियान में जी जान से जुटे शिक्षक

प्रखर जौनपुर। स्थानीय विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय बोझवा खर्गसेनपुर के प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत में चिलचिलाती धूप को दरकिनार करते हुए शिक्षको की टीम डोर टू डोर पहुंचकर नामांकन महाअभियान के लक्ष्य को पूरा करने में जी जान से जुटे हुए हैं। अभियान के दौरान ईट भट्टों पर पहुंच 23 मजदूर के बच्चों का नामांकन कराने के साथ सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे सभी अपने बच्चे को प्रतिदिन स्कूल भेजें और राष्ट्र निर्माण में सहायता करें इस अवसर पर सहायक अध्यापक पूजा दुबे,मनोहर लाल सुधाकर सिंह शिक्षामित्र नीमा सिंह सिद्धार्थ सिंह के साथ ए आर पी मिथिलेश कुमार सिंह शांत कुमार सिंह मौजूद रहे।

## घर में घुसे सिपाही को परिजनों ने बनाया बंधक

प्रखर मिजार्पुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव में बुधवार की रात्रि घर में घुसे सिपाही को लोगों ने बंधक बना लिया जिसका वीडियो तेजी से अगले दिन इंटरनेट पर वायरल होने लगा।परिजनों का आरोप है कि घर में घुसे पुलिसकर्मियों ने महिलाओं के साथ अभद्रता करने लगे शोर गुल सुनकर बाहर सो रहे परिजन घर के अंदर आ गये जहां एक सिपाही को बंधक बना लिए व साथी सिपाही परिजनों को देखते ही भाग निकले।पुलिसकर्मियों के हरकत देख परिजन आक्रोशित हो गये हालांकि माफी मांगने के बाद किसी तरह लोगों ने दो घण्टे बाद उक्त पुलिसकर्मी को छोड़ा।सिपाही के बन्धक की वीडियो किसी ने बनाकर अगले दिन गुरुवार को वीडियो इंटरनेट पर वायरल कर दिया।बताया जाता है कि मड़िहान थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी धौरहा के सिपाही सड़क पर वाहन चालकों से वसूली के लिए निकले थे कि लगभग एक बजे रात सुन सान देखकर घर में घुस गये।घटना के सम्बंध में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन अजय कुमार राय ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है मामले की जाँच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

## अपने ज्ञान से बच्चों की दशा व दिशा बदले शिक्षक: बीएसए

**स्कूल चलो अभियान के तहद 22 मजदूर के बच्चो का कराया गया नामांकन, नामांकन कराये गए बच्चो के साथ बैठकर बीएसए ने खाया खाना**

प्रखर केराकत जौनपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने कहा कि शिक्षको की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे अपने दायित्वों का बखूबी से निर्वाहन करते हुए अपने ज्ञान से बच्चो का दशा व दिशा बदलने का कार्य करे। शुक्रवार की दोपहर विकास खण्ड केराकत के ग्रामसभा दाऊदपुर के प्राथमिक विद्यालय के परिसर में स्कूल चलो अभियान के तहद नामांकन समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही।

डॉ पटेल ने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि कोई भी बच्चा किसी भी समाज का हो वह स्कूल जाने वांछित न रहने पाये। आज परिषिदी विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था बहुत ही सुदृण व अच्छी दशा में चल रही है अब सिर्फ शिक्षको की जिम्मेदारी है कि वे बच्चो को ज्ञान रूपी दीप से ज्योतित करके राष्ट्र का एक अच्छा नागरिक बनाए उन्होंने गांव के भट्टे पर पहुंचकर वहां पर कार्यरत मजदूरों के 22 बच्चे व बच्चियों का नामांकन अपने देखरेख में कराया। उपस्थिति खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश राय ने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया अपने अंतिम दौर में चल रही है एक हजार नए बच्चो का नामांकन कराने का लक्ष्य रखा गया है शेष बचे हुए दिनो में जी जान लगाकर लक्ष्य पूरा करने में लग जाये ताकि केराकत को नामांकन में नंबर वन बनाया जा सके। मुख्य अतिथिओ को प्रधानाध्यक प्रशांत मिश्रा ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए कार्यक्रम के आखिरी में बीएसए के द्वारा नामांकन कराये गए बच्चो को झोला, किताब व कलम वितरण के साथ सभी बच्चो के साथ बैठकर भोजन किए।

इस अवसर पर शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय सिंह, सुशील सिंह, संतोष राजभर, पंचम पांडेय, विजय देव मिश्र, धीरज सिंह कश्यप, पत्रकार अब्दुल हक अंसारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अरविंद चौहान व संचालन छतपाल सिंह ने किया।

## नेपाल में दिख रहा भारत के बिजली संकट का असर

नई दिल्ली। भारत इस समय भारी गर्मी के बीच बिजली संकट से जूझ रहा है। ऐसे में पड़ोसी देश नेपाल को भी दिक्कत हो रही है। खबर है कि भारत से पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं मिलने के कारण नेपाल जल्द ही अपने औद्योगिक गलियारों की बिजली काट सकता है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण के योजना उप प्रबंध निदेशक प्रदीप ठिके ने कहा कि वर्तमान में, नेपाल भारत से केवल 100 मेगावाट बिजली प्राप्त कर रहा है, जबकि इसकी 400 मेगावाट की मांग है। उन्होंने कहा, अभी हमारे पास 300 मेगावॉट बिजली की कमी है क्योंकि हमें भारत से पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही, वह खुद बिजली संकट से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे नेपाल के तीन औद्योगिक गलियारों बीरगंज, बिराटनगर और भैरवा में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होगी। इससे मुख्यतः बड़े उद्योगों पर असर पड़ेगा, छोटे उद्योगों को कोई दिक्कत नहीं आएगी। ठिके ने कहा कि डेढ़ माह बाद, बारिश का मौसम आने पर हालात सुधरेंगे और नेपाल भारत को बिजली निर्यात करने की स्थिति में आ जाएगा।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की मंडलीय बैठक वाराणसी में संपन्न मंडल के सभी जनपदों के प्रतिनिधियों ने किया प्रतिभाग

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की मंडलीय बैठकों के क्रम में 29 अप्रैल शुक्रवार को वाराणसी मंडल की बैठक जिला चिकित्सालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल वाराणसी में संपन्न हुई। बैठक को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष जे एन तिवारी ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में अवगत कराया है कि सरकार कर्मचारियों की मांगों पर धीरे धीरे आगे बढ़ रही है। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने योगी आदित्यनाथ को प्रदेश में दोबारा मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए अपेक्षा किया है कि कर्मचारियों की उन मांगों पर जिन पर चुनाव के कारण निर्णय नहीं हो सका, सरकार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करके शीघ्र निर्णय कर देगी। जे एन तिवारी ने अवगत कराया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मांग पत्र में से कई मांगों पर निर्णय हो चुका है। कोविड से ग्रसित कर्मचारियों के लिए 30 दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जाना, आशा बहुओं के लिए 3500 रुपया का फिक्स मानदेय, आंगनबाड़ी रसोईया, चौकीदार बेसिक शिक्षा परिषद के संविदा शिक्षकों का मानदेय बढ़ाया जाना, रिक्त पदों को भरा जाना जुलाई तक पदोन्नतियां पूरा किया जाना , आउटसोर्स पर काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित नियुक्तियों में वरीयता दिया जाना, आउटसोर्स कर्मचारियों को सेवा से पृथक नहीं किया जाना , एनपीएस में पेंशन 45% तक किया जाना , एन पी एस योजना में मृतक कर्मचारी के लिए पारिवारिक पेंशन की व्यवस्था किया जाना , कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए पोर्टल का शुभारंभ किया जाना जैसी कई मांगे संयुक्त परिषद के मांग पत्र से मानी जा चुकी है। लेकिन अभी भी कई महत्वपूर्ण



मांगों पर निर्णय बाकी है जिसके लिए मंडलीय बैठकों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कर्मचारियों के वेतन संशोधन में गुणांक फैक्टर्स 3.65 किया जाना ,कोविड के दौरान काटे गए नगर प्रतिकर भत्ता का भुगतान कराया जाना ,जनवरी से देय 3% महंगाई भत्ते की किस्त का भुगतान किया जाना, आशा बहुओं को फिक्स किया गया ?3500 का मानदेय एवं 12 हजार को कोविड भत्ता की धन राशि का भुगतान कराया जाना ,एनपीएस योजना के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन 50% किया जाना ,मुख्य सचिव समिति के माध्यम से चकबंदी अधिकारी, लैब टेक्नीशियन , फाइलेरिया निरीक्षक , अनुदेशक ,आशुलिपिक सहित सभी संवर्ग की वेतन विसंगतियों का पर निर्णय कराया जाना , संविदा कर्मचारियों को नियमित पदों के सापेक्ष नियमित किया जाना, इस वर्ष की स्थानांतरण नीति को शून्य घोषित किया जाना , नगरी परिवहन सेवा के संविदा चालकों परिचालकों की समस्याओं का समाधान किया जाना ,आईटीआई के अनुदेशकों के लिए पदोन्नति पर सत्र लाभ दिया जाना, आईसीपीएस संवर्ग के संविदा अधिकारियों कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां दूर किया जाना, उनको नियमित किया जाना, पुरानी पेंशन योजना के लिए विकल्प की व्यवस्था शुरू किया जाना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती खोला जाना , न्यूनतम वेतन 26000 किया जाना, अनुसूचित प्राथमिक विद्यालयों को आवर्तक अनुदान सूची में लिया जाना सहित कई मांगे अभी भी लंबित है` संयुक्त परिषद के महामंत्री निरंजन कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर कर्मचारियों की लंबित मांगों को 30 जून तक पूरा करने का अनुरोध किया है। 30 जून तक संयुक्त परिषद की मंडलीय बैठकों का कार्यक्रम भी पूरा हो जाएगा। जुलाई के प्रथम सप्ताह में संयुक्त परिषद की कार्यकारिणी की बैठक होगी जिसमें मंडलीय बैठकों एवं कर्मचारियों की मांगों पर समीक्षा कर-के अगली रणनीति पर निर्णय लिया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो संयुक्त परिषद आंदोलन के निर्णय से भी पीछे नहीं हटेगी। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने यह भी अवगत कराया है कि वर्तमान में कई संगठन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़ रहे हैं। पशुपालन विभाग,व्यवसायिक शिक्षा विभाग सूचना विभाग एवं कृषि विभाग के कई संगठनों सहित एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत संविदा संगठन के कर्मचारियों ने भी संयुक्त परिषद से संबद्धता का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के सभी कर्मचारियों के हितों में कार्य कर रही है।

# जिलाधिकारी ने नगरपालिका और सूचना विभाग का आकस्मिक निरीक्षण कर खामियों को दूर करने का दिया निर्देश



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी एम.पी. सिंह ने नगर पालिका परिषद गाजीपुर एवं जिला सूचना विभाग का आज दिन शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर बायोमैट्रिक मशीन पर भी उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा समय से कार्यालय पहुचने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद में साफ-सफाई एंव फाईलो का रख रखाव सही ढंग से नही होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होने कार्यालय में फाईलो का रख रखाव एवं प्रतिदिन साफ-सफाई तथा सूचना विभाग में कुर्सी टूटी एवं पूराने जर्जर पडे मशीनो की निलामी कराने एवं भवन के टूटे फूटे फर्स एवं दिवाल का मरम्मत कराते हुए भवन के रंगायी पोताई का निर्देश दिया। इस मौके पर अधि. अधिकारी नगर पालिका परिषद गाजीपुर एवं जिला सूचना अधिकारी गाजीपुर के साथ अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 7 | 1 | 14 |
| राजस्थान | 8 | 6 | 2 | 12 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| बेंगलोर | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 8 | 4 | 4 | 8 |
| पंजाब | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |
| मुंबई | 8 | 0 | 8 | 0 |

ऑरेंज कैप



जोस बटलर

499 रन

राजस्थान रॉयल्स

पर्पल कैप



युजुवेन्द्र चहल

18 विकेट

राजस्थान रॉयल्स

# 500 रुपए के लिए मैच खेलने वाला लड़का बना भारत का सबसे तेज गेंदबाज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आईपीएल 2022 में गुजरात के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले उमरान मलिक का नाम भारतीय क्रिकेट फैन की जुबान पर छाया हुआ है। पिछले सीजन हैदराबाद के लिए खेलने वाले उमरान मलिक अपनी गति से सभी को प्रभावित किया था, लेकिन अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया में शामिल करने की बातें हो रही हैं।

उमरान भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे तेज गेंदबाज बन चुके हैं। उनके अंदर लगातार 150 की गति से गेंदबाजी करने की क्षमता है। गुजरात के खिलाफ उमरान ने पांच में चार विकेट क्लीन बोल्ड के रूप में लिए। उनकी गति के सामने बड़े शॉट लगाना हर बल्लेबाज के लिए बड़ी चुनौती है। उन्हें भारतीय क्रिकेट का भविष्य माना जा रहा है। आईपीएल 2022 के आठ मैचों में उमरान 15 विकेट ले चुके हैं।




### 2017 में चमकी किस्मत

*साल 2017 तक उमरान मलिक मोहल्ला क्रिकेट के स्टार हुआ करते थे। उन्होंने कभी लेदर गेंद से गेंदबाजी नहीं की थी। हर मैच में वो 500 से तीन हजार रुपए तक कमा लेते थे। 2017 की ठंडियों में उमरान मौलाना आजाद स्टेडियम में पहुंचे और कोच रणधीर सिंह से कहा, सर क्या आप मुझे बॉल डालने देंगे?... क्या नाम है तुम्हारा?...उमरान मलिक। इस समय मलिक ने गेंदबाजी करने के लिए स्पाइक वाले जूते तक नहीं पहने थे, लेकिन रणधीर सिंह को लगा कि उन्हें गेंदबाजी का मौका देना चाहिए और यहीं से उमरान की किस्मत बदल गई।*

### फल की दुकान लगाते हैं पिता

उमरान के पिता फल की दुकान लगाते हैं। वो चाहते थे कि बेटा पढ़ लिखकर परिवार का नाम करे, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उन्हें पेशेवर क्रिकेटर बनने के लिए प्रेरित किया। 2017-18 में उमरान ने एकेडमी में दाखिला तो लिया, लेकिन वो लगातार प्रैक्टिस के लिए नहीं आते थे।

### जूते मांगकर की गेंदबाजी

अंडर-19 क्रिकेट के ट्रायल में उमरान ने अपने साथी गेंदबाज से जूते मांगकर गेंदबाजी की थी। कुच बिहार ट्रॉफी के लिए उनका चयन भी हुआ, लेकिन सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला। इस मैच में भी बारिश बाधा बनी। हालांकि, इस मैच में भी उमरान ने अपनी छाप छोड़ी। विकेटकीपर स्टंप से 35 यार्ड की दूरी पर खड़ा था। अंडर-19 क्रिकेट में ऐसे नजारे कम ही देखने को मिलते हैं।

### अब्दुल समद ने की मदद

जून 2020 में पहले लॉकडाउन के बाद अब्दुल समद उमरान मलिक की गेंदबाजी के वीडियो रिकॉर्ड करते थे और उन्हें वीवीएस लक्ष्मण और टॉम मूडी को भेजते थे। सनराइजर्स को उमरान



की गेंदबाजी पसंद आई और इसके बाद जो हुआ वह इतिहास बन गया। साल 2020 में उमरान नेट गेंदबाज के रूप में यूएई गए और 2021 में भी उनका यही हाल था। टी नटराजन के चोटिल होने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला और लगातार 150 की गति से गेंदबाजी करने वाले उमरान को 2021 टी20 विश्व कप में नेट गेंदबाज के रूप में ले जाया गया। अब उमरान के लिए चीजें तेजी से बदल रही हैं, लेकिन कोच रणधीर सिंह को विश्वास है कि वो इन चीजों को संभालकर स्टेन जैसे खिलाड़ियों से सीखेंगे और आगे बढ़ेंगे।

## खबर संक्षेप



### मैक्सवेल की वेडिंग पार्टी में जमकर नाचे विराट

**नई दिल्ली।** विराट कोहली के लगातार खराब प्रदर्शन के बाद चारों तरफ से उन्हें क्रिकेट से दूर रहने की सलाह मिल रही है। पूर्व कोच शास्त्री भी यही कह रहे कि कुछ समय के लिए उन्हें क्रिकेट से दूर रहना चाहिए। वो आइपीएल के मौजूदा सीजन से ब्रेक लेंगे कि नहीं ये तो आने वाले वक्त में पता चल जाएगा लेकिन उन्हें जब भी आफ-फील्ड कुछ करने का मौका मिलता है तो वे जमकर एंज्वाय करते हैं।

18 मार्च को भारतीय मूल की विनी रमन के साथ विवाह बंधन में बंधने वाले ग्लेन मैक्सवेल की वेडिंग पार्टी बुधवार को आयोजित की गई थी।

### अरशद खान की जगह कुमार मुंबई में शामिल

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स ने चोटिल मोहम्मद अरशद खान की जगह इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे सत्र के लिए बाएं हाथ के स्पिनर



कुमार कार्तिकेय सिंह से अनुबंध किया है। इंडियन प्रीमियर लीग ने गुरुवार को विज्ञप्ति में कहा, 'बाएं हाथ का स्पिनर (कुमार कार्तिकेय सिंह) 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर मुंबई इंडियन्स से जुड़ेगा।' घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले कुमार कार्तिकेय सिंह ने अब तक नौ प्रथम श्रेणी, 19 लिस्ट ए और आठ टी20 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने क्रमशः 35, 18 और नौ विकेट चटकाए हैं।

### टाइटल स्पांसरशिप के लिए जारी किया कोटेशन

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने महिलाओं के टी20 चैलेंज 2022 के टाइटल स्पांसरशिप राइट्स के लिए रिक्वेस्ट फॉर कोटेशन जारी करने



की घोषणा की है। बीसीसीआई ने महिला टी20 चैलेंज 2022 के टाइटल स्पांसरशिप अधिकार हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से निविदा आमंत्रित की है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आरएफक्यू में निविदा प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले विस्तृत नियम और शर्तें, जिसमें कोटेशन, अधिकार और दायित्व आदि प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शामिल है। ये रिक्वेस्ट फार कोटेशन एक लाख की कीमत के अलावा जीएसटी के साथ उपलब्ध है। ये राशि नान रिफंडेबल होगी।

### सौरभ चमके, अभिज्ञा 10मी एयर पिस्टल चैंपियन

**नई दिल्ली।** ओलंपियन सौरभ चौधरी ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल में गुरुवार को पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा जीती। महाराष्ट्र की अभिज्ञा पाटिल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा अपने नाम की। क्वालीफिकेशन में शीर्ष रहने वाली अभिज्ञा ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में शिखा को 16-14 से हराया। शिखा ने जूनियर 10 मीटर एयर पिस्टल में पलक को 16-6 से मात दी। युवा वर्ग में पलक ने शिखा को 17-13 से हराया।

### आईपीएल : कुलदीप ने चार और रहमान ने चटकाए तीन विकेट

# कुलदीप के चौके से जीती दिल्ली केकेआर की लगातार पांचवीं हार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग में फिर से जीत की राह पकड़ी। बाएं हाथ के कलाई के गेंदबाज कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान (तीन विकेट) ने उनका अच्छा साथ दिया। इससे केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 146 रन बनाए। दिल्ली ने 19 ओवर में छह विकेट पर 150 रन बनाकर अपनी चौथी जीत दर्ज की।

- कुलदीप यादव ने आठ मैचों की आठ पारियों में चटकाए 17 विकेट
- पर्पल कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंचे कुलदीप

दिल्ली के आठ मैचों में आठ अंक हो गए हैं। केकेआर की यह लगातार पांचवीं हार है। उसके नौ मैचों में छह अंक हैं। दिल्ली की तरफ से डेविड वार्नर (42 रन), रोवमैन पॉवेल (नाबाद 33 रन), अक्षर पटेल (24) और ललित यादव (22) ने उपयोगी योगदान दिया। केकेआर के लिए उमेश यादव ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए लेकिन उसे पांचवें गेंदबाज की कमी खली।




### नरेन के 150 विकेट पूरे

*मैच में एक विकेट लेने के साथ ही सुनील नरेन आईपीएल में 150 विकेट लेने वाले 9वें खिलाड़ी बन गए। उन्होंने ललित यादव (22) को आउट कर ये उपलब्धि हासिल की। नरेन इस टूर्नामेंट के इतिहास के पहले 150 विकेट लेने वाले पहले विदेशी स्पिनर भी बने। मैच में उन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 1 विकेट अपने नाम किया।*

### रहमान को अंतिम ओवर में 3 विकेट

*केकेआर की पारी के आखिरी ओवर में मुस्तफिजुर रहमान ने केवल 2 रन दिए और 3 विकेट लेने में सफल रहे। ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने रिंकू सिंह (23) को आउट किया। रिंकू का कैच लॉन्ग ऑफ पर पॉवेल ने पकड़ा। चौथी गेंद पर अर्धशतक बना चुके नीतीश राणा (57) डीप पॉइंट पर साकरिया को अपना कैच दे बैठे। पांचवीं गेंद पर रहमान ने टिम साउदी (0) को क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने मैच में 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए।*

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आरोन फिंच बो सकारिया | 03 | 07 | 0 | 0 |
| वेंकटेश का सकारिया बो अक्षर | 06 | 12 | 0 | 0 |
| श्रेयस का पंत बो कुलदीप | 42 | 37 | 4 | 0 |
| इंद्रजीत का पॉवेल बो कुलदीप | 06 | 08 | 0 | 0 |
| नारायण पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राणा का सकारिया बो रहमान | 57 | 34 | 3 | 4 |
| आंद्रे रसेल स्टं पंत बो कुलदीप | 00 | 03 | 0 | 0 |
| रिंकू का पॉवेल बो रहमान | 23 | 16 | 3 | 0 |
| उमेश यादव नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| टिम साउदी बो रहमान | 00 | 01 | 0 | 0 |
| हर्षित राणा नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 146/9

गेंदबाजी : रहमान 4-0-18-3, सकारिया 3-0-17-1, शार्दुल 3-0-32-0, अक्षर 4-0-28-1, कुलदीप 3-0-14-4, ललित 3-0-32-0.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी का इंद्र बो उमेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| वार्नर का नारायण बो उमेश | 42 | 26 | 8 | 0 |
| मार्श का वेंकटेश बो हर्षित | 13 | 07 | 2 | 0 |
| ललित पगबाधा बो नारायण | 22 | 29 | 1 | 1 |
| पंत का इंद्रजीत बो उमेश | 02 | 05 | 0 | 0 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 33 | 16 | 1 | 3 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 24 | 17 | 2 | 1 |
| शार्दुल ठाकुर नाबाद | 08 | 14 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 19 ओवर में 150/6

गेंदबाजी : उमेश 4-0-24-3, राणा 3-0-24-1, साउदी 4-0-31-0, नारायण 4-0-19-1, नितीश 1-0-14-0, रसेल 1-0-14-0, वेंकटेश 1-0-14-0, श्रेयस 1-0-7-0.



### इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बने स्टोक्स

**लंदन।** बेन स्टोक्स को गुरुवार को इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। यह आलराउंडर जो रूट की जगह लेगा जिन्होंने दो हफ्ते पहले पद छोड़ दिया था क्योंकि इंग्लैंड की टीम अपने पिछले 17 टेस्ट मैच में से सिर्फ एक में ही जीत दर्ज कर पाई थी। स्टोक्स ने मानसिक स्वास्थ्य कारणों से ब्रेक लेने के बाद हाल ही में टीम में वापसी की है। यह रॉब की का पहला बड़ा फैसला है। इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज रॉब को हाल में इंग्लैंड में पुरुष क्रिकेट का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया। रॉब ने कहा, 'वह उस मानसिकता और दृष्टिकोण का प्रतीक है जिसे हम लाल गेंद के क्रिकेट के अगले युग में इस टीम के साथ आगे ले जाना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि उसने इस पेशकश को स्वीकार किया और वह अतिरिक्त जिम्मेदारी और सम्मान के लिए तैयार है। वह इस मौके का पूरी तरह से हकदार है।'

# क्वार्टर फाइनल में पहुंची सिंधू साइना और श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▶▶ मनीला

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने सिंगापुर की युई यान जेस्लिन हूई को सीधे गेम में हराकर गुरुवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की तीसरी वरीय भारतीय पुरुष युगल टीम भी दूसरे दौर में जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही लेकिन लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गिमचियोन में 2014 एशिया चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली चौथी वरीय सिंधू ने दुनिया की 100वें नंबर की खिलाड़ी जेस्लिन हूई को 42 मिनट में 21-16, 21-16 से हराया। सात्विक और चिराग की तीसरी वरीय भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने अकीरा कोगा और ताइची साइतो की जापान की जोड़ी को सीधे गेम में 21-17, 21-15 से हराया।

### साइना का सपना टूटा

साइना का हालांकि इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट में चौथा पदक जीतने का सपना टूट गया जब उन्हें चीन की 22 साल की दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी वैंग झी यी के खिलाफ 21-12, 7-21, 13-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। सातवें वरीय श्रीकांत को भी पुरुष एकल के दूसरे दौर में कड़े मुकाबले में तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में चीन के वेंग होंग यांग के हाथों एक घंटा और 17 मिनट चले मुकाबले में 16-21, 21-17, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### मदप्पा की पुरुष वर्ग में बढ़त कायम

**बेंगलुरु।** विराज मदप्पा ने गुरूवार को यहां एशियाई खेलों के गोल्फ ट्रायल्स के तीसरे दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बावजूद पुरूष वर्ग में बढ़त बरकरार रखी हुई है, हालांकि यह अब दो शॉट की हो गयी है। मदप्पा का तीन दिन का कुल स्कोर 11 अंडर 205 हो गया है और वह करणदीप कोचर (69) से दो शॉट आगे चल रहे हैं। करणदीप कोच का कुल स्कोर नौ अंडर का है। ट्रायल्स में हिस्सा ले रहे गोल्फरों में राशिद खान एकमात्र ऐसे गोल्फर हैं जिन्होंने 2010 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था।

# चैंपियंस लीग : लिवरपूल ने जीत से फाइनल की ओर बढ़ाए कदम



एजेंसी ▶▶ लिवरपूल

इंग्लैंड के लिवरपूल ने बुधवार को यहां चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में स्पेन के विलारीयाल को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। छह बार के यूरोपीय चैंपियन लिवरपूल को अपने घरेलू मैदान एनफील्ड पर विलारियल को हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। विलारियल के पेरविस एस्टुपिना ने 53वें मिनट में जोर्डन हेंडरसन के क्रॉस को अपने ही गोल में डालकर लिवरपूल को बढ़त दिला दी। इसके दो मिनट बाद साडियो माने ने मोहम्मद सालाह की थ्रोबॉल पर विलारियल के गोलकीपर जेरोनिमो रुली को छकाते हुए लिवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। सेमीफाइनल का दूसरा चरण मंगलवार को एस्टाडियो डि ला सेरामिका में खेला जाएगा और विलारियल कोई बड़ा उलटफेर करके ही लिवरपूल को फाइनल में जगह बनाने से रोक सकता है।




**मैड्रिड।** दो बार की चैंपियन सिमोना हालेप और दूसरी रैंक वाली पाउला बाडोसा मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में आमने सामने होंगी। हालेप ने झांग शुआइ को 6-2, 6-3 से हराया जबकि बाडोसा ने वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-3, 6-0 से मात दी। दोनों का सामना पहली बार होगा।

### लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मुकाबला आज

# राहुल के बल्ले को खामोश रखने उतरेगा पंजाब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पुणे। पंजाब किंग्स की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में जब लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विरोधी टीम के कप्तान लोकेश राहुल के बल्ले को खामोश रखने पर टिकी होंगी।

- पंजाब की टीम आठ मैच में चार जीत के साथ छठे स्थान पर

लखनऊ की टीम अभी अंक तालिका में चौथे स्थान पर चल रही है। टीम ने आठ मैच से पांच में जीत दर्ज की है जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार के साथ छठे स्थान पर है। सुपरजाइंट्स ने अपने पिछले मैच में मुंबई इंडियन्स को 36 रन से हराया था जबकि पंजाब किंग्स की टीम चेन्नई सुपरकिंग्स को 11 रन से हराने के बाद इस मुकाबले में उतरेगी। राहुल शीर्ष क्रम में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। वह मौजूदा सत्र में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ दो शतक जड़ चुके हैं और एक अर्धशतक भी लगाया है। वह 368 रन के साथ सत्र में दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज हैं। सिर्फ राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर ने मौजूदा सत्र में अब तक उनसे अधिक रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा की अगुआई में पंजाब का गेंदबाजी आक्रमण काफी संतुलित है और टीम राहुल को बड़ी पारी खेलने से रोकने का प्रयास करेगी।



### लियाम से एक बड़ी पारी की उम्मीद

पंजाब को अगर बड़ा स्कोर खड़ा करना है या बड़ा लक्ष्य हासिल करना है तो शीर्ष क्रम को लियाम लिविंगस्टोन और जॉनी बेयरस्टो जैसे बल्लेबाजों के लिए मजबूत मंच तैयार करना होगा। लखनऊ की टीम को उम्मीद होगी कि अन्य बल्लेबाज कप्तान राहुल का अच्छा साथ देंगे जिसमें उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक भी शामिल हैं। डिकॉक मुंबई के खिलाफ सिर्फ 10 रन बना पाए थे।

# रणजी ट्राफीः नॉकआउट मैचों की मेजबानी करेगा बेंगलुरु

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बेंगलुरु रणजी ट्राफी के नॉकआउट मैचों की मेजबानी करेगा जो चार जून से क्वार्टर फाइनल से शुरू होंगे और फाइनल 20 जून से खेला जाएगा। रणजी ट्राफी का लीग चरण मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरू होने से पहले खेला गया था और बीसीसीआई ने कहा था कि नॉकआउट इस लुभावनी टी20 लीग के बाद खेले जाएंगे। एजेंसी के पास रणजी ट्राफी नॉकआउट का कार्यक्रम है।

समझा जाता है कि खिलाड़ियों के लिए कोई भी अनिवार्य पृथकवास नहीं होगा लेकिन 'बायो-बबल' का माहौल बरकरार रखा जाएगा। टीमों और खिलाड़ियों को स्थल पर पहुंचने पर नेगेटिव आरटी-पीसीआर रिपोर्ट सौंपनी




होगी। चार क्वार्टर फाइनल चार से आठ जून तक खेले जाएंगे। पहले क्वार्टर फाइनल में बंगाल का सामना झारखंड से होगा। दूसरे क्वार्टर फाइनल में 41 बार की रणजी चैंपियन मुंबई की भिड़ंत उत्तराखंड से होगी जबकि कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के बीच तीसरा क्वार्टर फाइनल खेला जाएगा। चौथे क्वार्टरफाइनल में पंजाब और मध्य प्रदेश की टीम आमने सामने होंगी।

# 17 करोड़ 11लाख की लागत से बेलहर ब्लाक क्षेत्र का होगा चौमुखी विकास

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों के मान सम्मान में नहीं आने दूंगा कोई आच- भूपेंद्र सिंह

सन्तकबीरनगर। विकास खंड बेलहर कला ब्लाक सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा ग्राम प्रधानों की हुई बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र सिंह ने किया।इस बैठक के मुख्य अतिथि मेहदावल क्षेत्रीय विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी रहे। मुख्य अतिथि विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी व ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र सिंह का प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने फूल माला व गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। बैठक में कुल 17 करोड़ 11लाख की परियोजनाओं प्रस्ताव पास किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा की केन्द्र व प्रदेश सरकार ग्राम पंचायतो को विकसित करने के लिए स्मार्ट गांव की तर्ज पर कार्य कर रही है। गांव के विकास के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों का भी सहयोग लिया जाय समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना चाहिए।आवासों का आवाटंन हो वह गरीबों व पात्रों को जरूर मिले सड़क,पानी, शिक्षा,स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा की कोई भी जनता की समस्या हो अधिकारी न सुने तो



वह हमे तत्काल बताए समस्या का तुरंत निस्तारण किया जाएगा।सरकार द्वारा कराये जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाए मनरेगा , प्रधानमंत्री आवास योजना, राजवित्त,चौदाहवां वित्त, स्वच्छता कार्यक्रम आदि के बारे मे जानकारी दी। बैठक मे कुल 17करोड़ 11लाख की प्रस्ताव पास किया गया केन्द्र व प्रदेश की सरकार ग्राम पंचायतो मे विकास कार्य को तीव्र गति से कराने के लिए ग्राम पंचायतों तथा क्षेत्र पंचायतो को धन मुहैया करा रही है।गांव मे विकास कार्य को कराकर प्रधान मिसाल कायम करे।ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकार विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। जिसको अमलीजामा पहनाने के लिए मुख्य रूप से ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत अहम भूमिका निभाती है। हम सभी लोगों को संकल्प करना है कि सरकार की हर योजनाओं को गांव और जन जन तक लोगों के बीच पहुंचा कर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा सके। यही हम लोगों का लक्ष्य है और होना भी चाहिए। उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र पंचायत और ग्राम प्रधानों के सम्मान के साथ मैं कभी खिलवाड़ नहीं होने दूंगा।आप सभी लोगों के मान व सम्मान के लिए मैं हमेशा कुबार्नी देने के लिए तैयार हूं।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी बिनोद मणि, एडीओ पंचायत सभाजीत यादव,प्रधान संध अध्यक्ष विश्वनाथ मौर्या,बृजेश कुमार सिंह उर्फ डिंपल सिंह, विनय दूबे, बबूलाल निषाद, श्याम जी यादव, जोखन चौधरी, चुनीलाल यादव, धर्मेंद्र लोधी, फुलचंद यादव, बीडीसी अभिषेक सिंह उर्फ शेरु सिंह, विमल कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फिरोज अहमद, राजेश्वर सिंह राजू, सुभाष चौरसिया, अमित दूबे, लालचंद चौहान,मोहम्मद दानिश श्याम जी धनुषधारी,आदि लोग रहे।

# अध्यापिकाओं में पढ़न–पाठन में दिखा प्रगति

प्रखर कछवाँ रोड वाराणसी। सेवापुरी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय ठटरा प्रथम पर अध्यापिकाओं ने बच्चों को पढ़ाने में दिखाया प्रगति।वही अभिभावको



ने अत्यंत सराहना की । अध्यापिकाओं का कहना है कि सरकार हम लोगों को अगर अन्य काम और ना सैपे तो हमारे बच्चे जिले में टॉप आएंगे और वही निरीक्षण में पहुंचे गांव के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य श्याम बहादुर दूबे ने हर क्लास का निरीक्षण किया जहां अध्यापिका रही मौजूद उस क्लास के बच्चे सबसे सुपर और सबसे अच्छे दिखें वही अध्यापकों में लापरवाही देखने को मिली । दूबे जी ने बच्चों से सवाल भी पूछा और पठन-पाठन के विषय में भी पुछा और अध्यापकों के विषय में भी पूछा जिसमें बच्चों ने अध्यापिकाओं की सराहना कि ।पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य श्याम बहादुर दुबे का कहना था कि अगर अध्यापिकाओं की तरह अध्यापक भी मेहनत करे तो प्राईमरी के बच्चे वाकई में कॉन्वेंट स्कूलों से बहुत अच्छे और सुयोग्य होंगे। दुबे जी का कहना था कि मौके पर जब हम पहुंचे तो वहां कुछ अध्यापक आपस में बैठकर बातचीत और मोबाइल चला रहे थे अगर इसी तरह अध्यापकों का रवैया रहा तो बच्चों की जिंदगी शिक्षा को लेकर बिगड़ जाएगी प्रधानाध्यापक को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि कौन कहां बैठ कर क्या कर रहा है जिससे पठन-पाठन सही हो सके और बच्चों के भविष्य उज्जवल हो सके।

# छात्रा के सीने में लगा लोहे का धातु हालत नाजुक, इलाज जारी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। चाँदमारी चौकी क्षेत्र के नागा बाबा मन्दिर लोढ़ान में गेल इंडिया कंपनी द्वारा गैस पाइप लाइन का कार्य पिछले कुछ दिनों से जोरों से चल रहा है इसी बीच बुधवार दोपहर कस्तूरबा बालिका इण्टर कालेज की कक्षा 8 की छात्रा चांदनी कुमारी (16) पुत्री राजकपूर केवट लोढ़ान चाँदमारी निवासी स्कूल सर



अपने घर वापस आ रही थी उसी समय गैस पाइप लाइन का कार्य चल रहा था जब वर्कर लोहा का खूंटा गड़ रहा था की उसी दौरान लोहे का टुकड़ा उखड़कर छात्रा के सीने में धंस गया जिसके बाद छात्रा गिर गयी स्थानीय लोगो की मदद से पास के अस्पताल में उपचार हेतु ले जाया गया वहां पर डाक्टर ने उपचार कर प्राइवेट हास्पिटल के लिये भेजा ` छात्रा चांदनी के घरवालों ने उपचार हेतु भोजुबीर स्थित टैगोर टाऊन कालोनी सुधा सर्जिकल केयर हास्पिटल में भर्ती किया है जहां पर छात्रा का डाक्टरों द्वारा आपरेशन कर लोहे का टुकड़ा निकाला गया है अभी भी छात्रा की हालत नाजुक बनी हुई है` छात्रा के घरवालों द्वारा चाँदमारी चौकी पर प्रार्थना पत्र दिया गया है लेकिन पीड़िता के घरवालों के अनुसार अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है।

# साई मन्दिर से हटा लाउडस्पीकर




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नदेसर साई मन्दिर के संस्थापक अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने शुक्रवार को साई मन्दिर के ऊपर लगा 2 लाउडस्पीकर हटवा लिया उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन करना चाहिए व कोई धर्म यह नही कहता कि शोर मचा कर पूजा अर्चन हो।

# नगर निगम कर्मचारी संघ के जनपदीय चुनाव में मनोज कुमार, अध्यक्ष, वाचस्पति मिश्र महामंत्री निर्वाचित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नगर निगम कर्मचारी संघ वाराणसी का चुनाव नगर निगम कर्मचारी संघ भवन में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी शशिकान्त श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व सहायक निर्वाचन अधिकारी अवधेश चतुर्वेदी व सुरेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कार्यसमिति के निर्वाचित इक्कीस सदस्यमनोज कुमार अतुल पाठक, संजय श्रीवास्तव,कैलाश नाथ, संजय पांडेय, शिव चरन मौर्य, वाचस्पति मिश्र,राकेश श्रीवास्तव, सुशील कुमार, अनुज कुमार, राजेश कुमार गुप्ता,विनायक राज मिश्रा, संजय सिंह, ईशान फारुक, संजय पटेल,बरकत अली, अहमद अली, अंकित कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह, अरविन्द कुमार, रविन्द्र




सिंह, शेख मोहम्मद आजीम ने मनोज कुमार अध्यक्ष, वाचस्पति मिश्र महामंत्री, अंकित कुमार सिंह कोषाध्यक्ष के साथ ही दो उपाध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव, कैलाश नाथ मौर्य का निर्विरोध निर्वाचन किया। निर्वाचन के पश्चात पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार सिंह को संरक्षक, सन्तोष कुमार श्रीवास्तव एवं ईशान फारुक संयुक्त मंत्री मनोनीत किये गये। चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में मणिभूषण शुक्ला, मुमताज अहमद, राजेश मिश्रा,अजय सिंह, कैलाश नाथ पाण्डेय, विजय श्रीवास्तव,आगा साहबुद्दीन, उमेश त्रिपाठी,राम उपग्रह, अभिषेक निगम आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा ने डीएम गाजीपुर को मुख्यमंत्री और राज्यपाल को संबोधित पत्रक सौंपा

प्रखर गाजीपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा गाजीपुर के युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी गाजीपुर से मिलकर मुख्यमंत्री और राज्यपाल से संबंधित एक पत्रक सौंपा इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष ने बताया कि 09 मई को महाराणा प्रताप जयंती है। जैसा कि इतिहास में 09 मई 1540 कुम्भलगढ़ दुर्ग मेवाड़ राजस्थान में उनका जन्म हुआ था। जोकि हिन्दुस्तान के प्रथम स्वतंत्रा संग्राम सेनानी थे। जिस समय हिन्दुस्तान के अन्दर मुगलको का शासन चरम पर था और उनका शासक अकबर पुरे हिन्दुस्तान को अपने शैन्य बल के बूते कब्जे में ले रहा था जिसमें अनेको योद्धा उसके सामने नतमत्सक हो चुके थे तब उसका सामना इस वीर क्षत्रिय योद्धा ने किया, उसके सामने न झूकर अपने मिट्टी की मान सम्मान स्वभीमान राजपूति आन मान शान के खारित घास की रोटी खाना तो पसन्द किये लेकिन कभी अपने स्वभीमान के साथ समझौता नही किये। भले ही उनकी सेना छोटी रही हो लेकिन अकबर उनको कभी हरा नही पाया। जैसा कि पुरे युद्ध में जब तक सांस में सास थी भुजाओं मे बल था कभी



हार नही माने और अन्त तक युद्ध करते रहे है और हिन्दुस्तान की मिट्टी के खारित अपना प्राण नौछावर कर दिया और अकबर के मंशा पर पानी फेर दिया। जैसा कि उसकी मंशा थी की मै महाराण हो हराउ, लेकिन ऐसा न हो सका। जैसा कि कहा जाता है कि महाराणा कभी हारे नही अकबर कभी उनसे जीता नही है। इस क्षत्रिय कुल शिरोमणी पर पूरे हिन्दुस्तान को नाज है और यहा क्षत्रियो की आन,बान,शान, व स्वाभीमान के प्रतिक है। ऐसे महा पुरूष की जयंती को इतिहासकारो के कुचक्र द्वारा विलुप्त किया गया है। जिसको अब पुरा क्षत्रिय समाज बर्दास्त नही कर सकता है और इस जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाय। अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 09 मई को सर्वाजनिक अवकाश घोषित किया जाय। अन्यथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा आन्दोलन के लिए बाध्य होगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से पढ़ी गई अलविदा की नमाज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। रमजान माह के अलविदा की नमाज शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई। इस बार कही भी सड़क पर नमाज अदा नही करना दिया गया। क्षेत्र के मस्जिदों के बाहर कड़ी सुरक्षा रही। शासन के निर्देश के क्रम में मस्जिद के बाहर नमाज अदा न करने की अपील पहले से ही की गई थी। इस क्रम में सभी मस्जिदों के अंदर ही नमाज अदा की गई। फूलपुर थाना क्षेत्र के नेवादा, ताड़ी, कुआर, कठिराव, पिंडरा, फूलपुर तथा सिंधोरा थाना क्षेत्र के सिंधोरा, हिरामनपुर, काशीपुर समेत अनेक गांवो व कस्बो में शांतिपूर्वक अलविदा की नमाज संपन्न हुई। अलविदा की नमाज को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक और उप निरीक्षकों की तैनाती मिश्रित आबादी वाले इलाकों में निगरानी के लिए की गई थी। वही स्वयं एसडीएम पिंडरा राजीव कुमार राय, सीओ अभिषेक पांडेय, तहसीलदार विकास पांडेय, इंस्पेक्टर मुन्नाराम समेत अनेक अधिकारियों व कर्मचारी जगह जगह चक्रमण करते रहे।

# महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत 100 खेल मैदान चिन्हित

प्रखर गाजीपुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत निर्मित नये कार्य एक द्दष्टिगत जनपद में शासन के मंशा के अनुसार कुल 100 खेल मैदान चिन्हित कर लिया गया है तथा मनरेगा व कन्वर्जेन्स से वर्क आई.डी. निर्मित कर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है, जिसमें से विगत वर्ष में विकास खण्ड देवकली की ग्राम पंचायत धारीकलां में एक मॉडल खेल मैदान निर्मित किया गया है। मनरेगा योजनान्तर्गत निर्धन्तम परिवारों का चिन्हांकन कर उनके आवास के पास एक सोखपिट का निर्माण कराया गया है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 में और निर्धनतम परिवारों का चिन्हांकन कर कार्य प्रारम्भ कराया जा रहा है। मनरेगा एवं कन्वर्जेन्स के माध्यम से पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है। अब तक कुल 414 ग्राम पंचायतों में मनरेगा कन्वर्जेन्स से कार्य कराया गया है। व्यक्तिगत खेत तालाब के निर्माण से अब्दुल गफ्फार के जीवन में अचूक मूलभूत परिवर्तन आया है। आपका परिवार रोजमर्रा के काम पर निर्भर है, इन्हे इस तालाब से पूर्ण आशा है कि इसमें मछली (मत्स्य) पालन कर अपने जीवन यापन में सुधार लाऐंगे। इस कार्य के पुरा हो जाने के लिये सम्स्त परिवार आशान्वित है और इस कार्य में इनका पुरा परिवार योगदान किया है। इससे आस पास के गरीब परिवार को भी प्रेरणा मिली है। ग्राम में अन्य गरीब परिवार भी अपने लघु भूमि पर इस प्रकार के कार्य कराने हेतु उत्साहित है। समूह की महिलाओं द्वारा मनरेगा कार्य हेतु नागरिक सूरक्षा पट्ट (सी.आई.बी.) निर्मित किया जा रहा है, इससे उनकी आजीविका व धनोपार्जन हेतु एक लाभाकारी संसाधन साबित हुआ है। अब तक जनपद में कुल 14 महिला समूहों द्वारा मनरेगा के नागरिक सूरक्षा पट्ट (सी.आई.बी.) निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें सोनिया देवी पत्नी शिववंशी राम एक गरीब परिवार की अनु0 गरीब परिवार से हैं, वर्तमान में पशु शेड निमार्धीन है। आपको अतिनिर्धन परिवार की सूची से लाभान्वित किया जा रहा है। आपके परिवार में पशु शेड के बनने से काफी खुशी है एवं इसके बन जाने से समस्त परिवार आशान्वित है।

# आईजीएल के बिजेनस हेड एसके शुक्ल के नेतृत्व में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत गिडा औद्योगिक क्षेत्र के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड में राज आई केयर हॉस्पिटल के सहयोग से एक विशाल नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। यह आयोजन आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ला के शानदार नेतृत्व में उनके मार्गदर्शन व प्रेरणा से कंपनी के प्रबन्धक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा के प्रयास से गोरखपुर के सुप्रसिद्ध राज आई हॉस्पिटल के दक्ष चिकित्सकों की टीम ने अपने अत्याधुनिक मशीनों के साथ निःशुल्क आंख के शिविर में हिस्सा लिया। बिजनेस हेड का मानना है कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है,,स्वास्थ्य जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। एस के शुक्ल ने रामचरितमानस की चौपाई को जीवंत करते हुए एक शनादार उदाहरण प्राइवेट संस्थाओं हेतु प्रस्तुत कर रहे है,-परहित सरिस धरम नही भाई ,परपीड़ा सम नही अधमाई। मानव ,पशु पक्षीयो की सेवा के समक्ष निखिल ब्रम्हांड में कोई अन्य कार्य नही है।इस भावना के साथ आइजीएल निरन्तर जनसेवा के क्षेत्र में खास तौर पर




स्वास्थ्य ,शिक्षा , स्वच्छता ,रोजगार, न्याय व कृषि, को लेकर बड़े बड़े कार्यक्रमों आयोजन तो करती ही है, इसके साथ ही सेवा व समर्पण के साथ सैदव समाज निर्माण के कार्य मे जुटी रहती है।मानव शरीर मेआंख ऐसा महत्वपूर्ण अंग है कि एक तिनका भी यदिके किसी के आंखों में पड़ जाता है तो उस वक्त वो बेहद लाचार व असहनीय कष्ट से घिर जाता है।इसी सब को देखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया था,आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर जनपद के पुलिस अधीक्षक नगर श्री कृष्ण कुमार विश्नोई आईपीएस और विशिष्ट अतिथि जनपद न्यायालय के सिविल जज देवेंद्र कुमार थे।दोनों अतिथियों के साथ आइजीएल के प्लांट हेड, ने शिविर का उद्घाटन फीता काट कर किया । मुख्य अतिथि पुलिस अधिक्षक ने सम्बोधन में आइंजीएल द्वारा कोविद 19 के दौरान किये गए जनहित के कार्यों की मुक्त कंठ से जहां जमकर प्रशंसा किया वही दूसरी और इस तरह के प्रयासों को और तेजी से करने की अपेक्षा भी जाहिर किया और आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में किये जा रहे सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों के लिए ह्रदय से धन्यवाद दिया और कहा कि आईजीएल के बिजनेस हेड के मार्गदर्शन में जरूर गोरखपुर की तस्वीर बदलेगी और आइजीएल के अंदर चल रहे ग्रेन प्रोजेक्ट की भी जानकारी लिया। तथा विशिष्ट अतिथि जनपद न्यायालय के सिविल जज व विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री देवेंद्र कुमार जी ने भी बिजनेस हेड एस के शुक्ल द्वारा न्यायिक गोष्ठियों के आयोजन कराने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया और अपेक्षा किया की आइजीएल इसी तरह अपने उन्नति पथ पर अग्रसर रहते हुए सामाजिक कार्यो को और तेजी से करेगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता आइंजीएल के महाप्रबंधक श्री बृज मोहन शर्मा ने किया ,और सफल मंच संचालन कंम्पनी के प्रशासनिक अधिकारी आत्म नन्द सिंह ने किया और अतिथि परिचय प्रबन्धक प्रशासन एव जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने किया और शिविर में आये सभी आइजीएल के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों, व डॉक्टर्स के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी मरीजो के सकुशल इलाज की जिम्मेदारी डॉ कमलेश सिंह ने बखूबी निर्वहन किया और इनके साथ शिविर आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थायें को पूर्ण करने में अहम भूमिका निभाया सहायक प्रबन्धक प्रशासन अखिलेश शुक्ल ने। कार्यक्रम में शामिल लोगों के नाम, संजय मिश्रा, विष्णु पांडेय, अरविंद सिंह,प्रशांत सिंह,रजनीकांत पांडेय,कन्हैया लाल चौहान, कविता, साक्षी, वैष्णवी, शिवानी,संदीप तिवारी, बाबूराम यादव,सब्बीर अहमद,राज आई हॉस्पिटल के डॉ रविकांत, डॉ अंकित यादव,डॉ सूरज गोंड, सुनील कुमार यादव,अंकित दुबे, जितेंद्र विश्वकर्मा ने सभी लोगों का सफल परीक्षण कर दवा भी दिया। आईजीएल प्रशासन ने राज आई को साधुवाद देते हुए आभार प्रकट किया और इस शिविर में 437 लोगों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क ड्राप व चश्मे दिए गए।

# संक्षिप्त खबरें

## पुत्र ने मारी पिता को गोली लगी राहगीर को

### खजनी थाना क्षेत्र के नैपुरा मे अपने पिता के उपर गोली चलाने वाले पुत्र की गोली गाँव के ही महँगू निषाद पुत्र रामलगन के पैर मे लगी

प्रखर गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के नैपूरा गांव में बृहस्पतिवार शाम 7 बजे एक युवक ने अपने पिता पर गोली चला दी। जहा नदी से शौच से वापस आ रहे गांव के ही एक अधेड़ के पैर में गोली लग गई। सूचना पर पहुंचे स्पेक्टर खजनी इकरार अहमद ने घायल का प्राथमिक उपचार कराया।अब वह खतरे से बाहर है। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया महगू निषाद के तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ 307 के अंतर्गत नामजद अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। बता दे खजनी थाना क्षेत्र में नैपुरा गांव निवासी हनुमान यादव के दो पुत्र थे। बड़ा पुत्र अंकित यादव इसी थाना क्षेत्र के कटवर गांव में अपने के साथ ननिहाल में रहता है और दूसरा दरोगा यादव दिमाक से कमजोर होने के कारण गांव में ही रहता था।आज सुबह पिता हनुमान ने किसी बात को लेकर अपने छोटे पुत्र दरोगा को मार दिया। इसी बात को लेकर दरोगा की माता ने अपने बड़े लड़के को फोन कर दिया।इसी बात से नाराज बड़े लड़के अंकित 6 बजे अपने गांव नैपूरा पहुंचा और अपने पिता पर असलहे से गोली चला दी। पिता ने किसी तरह भाग कर जान बचाई लेकिन नदी से शौच कर वापस आ रहे इसी गांव निवासी महगू निषाद 70 बर्ष के पैर में गोली लग गई।आनन फानन में स्वजन ने प्राइवेट हास्पिटल में उपचार कराया जो घर पर मौजूद है। अब वह खतरे से बाहर है। गोली चलाने के बाद अंकित, भाई दरोगा व पिता हनुमान फरार है ।पुलिस धारा 307 में अभियोग पंजीकृत कर रही है।

## गोरखपुर कैंट पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में चार बदमाशों को गोली लगने के बाद धर दबोचा

प्रखर गोरखपुर। गोरखपुर जनपद के थाना कैण्ट क्षेत्रान्तर्गत रात्रि में पुलिस कार्यवाही में गोली लगने से 04 बदमाश घायल हुए। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। चारो बदमाश बिहार के कटिहार के रहने वाले है, चारो पूर्व में देवरिया व बिहार से जेल जा चुके है। बिहार के कटिहार क्षेत्र से गोरखपुर व पूर्वांचल के विभिन्न जिलों मे आकर लूट व टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देते है, जनपद गोरखपुर की 04 घटनाये इनके द्वारा की गई है। ये बहुत बड़ा गैंग है, हाल ही मे इसी गैंग ने कौडीराम और कैम्पियरगंज मे टप्पेबाजी और बड़हलगंज व खलीलाबाद में लाखों की लूट की थी। बदमाशो के पास पिस्टल, तमंचा, कारतूस, विभिन्न थानों से लूट की घटना का 55000 रुपया नकद, 03 मोबाइल, गाड़ी की डिग्गी तोड़ने का लोहे का नुकिला उपकरण, दो मोटरसाइकिल बरामद। इस मामले पर मीडिया से रूबरू होते हुए गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिपिन ताड़ा ने बताया वाहन चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल पर चार युवक को संदिग्ध अवस्था में लगे। जिस पर पुलिस ने इन्हें रोकना चाहा यह चारों बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की उसके बाद कैंट पुलिस गोल बंद हो कर उन्हें पकड़ने की कोशिश करने लगी । जिसमें कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं चारों बदमाशों को गोली लगी है जिन का इलाज अस्पताल में चल रहा है इनका पुराना आपराधिक इतिहास भी है देवरिया से और कई जगहों से इन लोगों ने जेल भी गए हैं इनके पकड़ में आ जाने से और भी कई मामले का खुलासा हो सकता है मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## अकीदत के साथ पढ़ी गई नमाज-ए-अलविदा जुमा



प्रखर ब्यूरो मुहम्मदाबाद/गाजीपुर। मुकद्दस माह रमजान अपने आखरी असरे/चरण में है। इस माह की बड़ी अजमत और बरकत है। रमजान माह की आखरी जुमा अलविदा की नमाज पूरे अकीदत के साथ नगर के जामा मस्जिद में पढ़ी गई। बाद नमाज शाही इमाम साहब ने पूरे देश और दुनिया के लोगों के बीच अमन चैन, सौहार्द और भाईचारे के लिये दुआएँ मांगी। शाही इमाम ने हुकूमत और प्रशासन के गाइडलाइन के हवाले से ईद की सड़क पे नमाज से मनाही की। नमाजियों की तादाद ज्यादा होने के कारण जामा मस्जिद में नमाज का समय सुबह 6:30 बजे और ईदगाह में नमाज 7:30 बजे होना बताया। इस बीच समाज सेवी अमीर हमजा ने लोगों को मुबारकबाद दिया और बताया कि वक़्त के पाबन्दी का ख़्याल करें। लोग अपनी सुविधा के अनुसार मस्जिद और ईदगाह में नमाज के लिये पहुंचे ताकि किसी की नमाज ना छूटे। सरकार और प्रशासन की गाइड लाइन का जरूर पालन करें।

## माईसेम सीमेंट ने रोजा इफ्तार का किया आयोजन



प्रखर खेतासराय जौनपुर। पवित्र माह रमजान में इफ्तार पार्टी का मुस्लिम बंधुओं, सामाजिक संगठन के साथ व्यसायिक फर्म के लोग भी इफ़्तार पार्टी कराने में पीछे नही हठ रहे है। गुरुवार को क्षेत्र के उसरहटा स्तिथ आयरमनिस ढ़ाबे पर माईसेम सीमेंट ने इफ्तार पार्टी का आयोजन कर अमन चैन की संदेश देने की कोशिश की। रोजेदारों ने मुल्क में शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। यहाँ आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के उक्त कम्पनी के डीलरों के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने अजान के बाद रोजा खोला गया। एरिया मैनेजर राहुल अग्रवाल ने बताया कि हमारी कंपनी आपसी सद्भाव के साथ ग्राहकों के हर त्योहार में बराबर की भागीदारी करती है। यह पर्व मुल्क में अमचैन का पैगाम देता है। इफ्तार के पश्चात नमाज हाजी जियाउद्दीन ने अता की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी शैलेश मिश्रा, अनिल वर्मा, शैलेश शुक्ला, निजामुद्दीन,खान बिल्डिंग मिटरैयाल जाहिद खान, उपकार आयरन स्टोर अकील अहमद, सुहैल अहमद, अतीक अहमद, फैसल खान, राहिल अब्दुल्लाह, गुड्डू खान समेत भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने थाने का किया औचक निरीक्षण



प्रखर संत कबीर नगरः- थानों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने मेहदावल थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, आगन्तुक कक्ष, हवालात, बैरक, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय, कम्प्यूटर कक्ष व थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों के रखरखाव का मुआयना किया। साथ ही जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस,बैरक, कम्प्यूटर कक्ष व थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा उक्त अभिलेखों को उचित रख रखाव हेतु निर्देशित किये । वहीं पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने हेतु दिशा निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान, स्वावलंबन तथा जागरूकता के क्रम में शासन द्वारा चलायें जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक करने हेतु उन्हे उनके अधिकारो के बारें में जानकारी देने को कहा। वहीं थाने पर पंजीकृत मुकदमों में वांछित अभियुक्तों, ईनामिया, जिलाबदर, एन0बी0डब्ल्यू0 के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैगेस्टर आदि की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मालखाने में रखे बलवा ड्रिल से सम्बन्धित उपकरणों की साफ सफाई करा कर रखने हेतु निर्देशित किया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका तत्काल उपयोग किया जा सके एवं लावारिश वाहन माल की सूची बनाकर नीलामी की प्रक्रिया नियमानुसार अतिशीघ्र कराने हेतु निर्देशित किया गया । जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गयी व बीट पुलिसिंग प्रणाली के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया तथा समय से बीट सूचना अंकित कराने हेतु निर्देशित किया गया थाने पर आने वाले फरियादियों के लिए ठंडे जलपान की व्यवस्ता व फरियादियों की शिकायतों को विनम्रतापूर्वक सुनकर समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक बखिरा को निर्देशित किया।

## नाली के पानी के निवारण हेतु अजगरा विधायक को सौंपा ज्ञापन

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी के सामने बजबजाती नाली के पानी का कोई निवारण न होने से सभी लोग काफी परेशान है दानगंज बाजार के सभी लोगों ने अजगरा विधायक त्रिभुवन राम जी को नाली के पानी और नाले को सही करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा जिसका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए।ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ग्राम प्रधान से कहने के बाबजूद भी नाली को दुरुस्त नही किया जा सका नाली के गंदे पानी से राहगीर और बाजार वासी काफी परेशान है यही हाल रहा तो बाजार में रहने वाले व्यापारियों को भी महा मारियो का सामना करना पड़ सकता है मौके पर ,ग्राम प्रधान शिवकुमार ,मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश ,एडवोकेट अभिनय चौबे ,चोलापुर मंडल मीडिया प्रभारी राहुल चौबे, अभिनव त्रिपाठी ,नगीना सेठ ,आदि लोग उपस्थित रहे।

## गोरखनाथ मंदिर परिसर में लगा जनता दरबार दूर से आए हुए फरियादियों की सुनी गई फरियाद



प्रखर गोरखपुर। जी हां आपको बताते चलें कि उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों अपने गृह जनपद गोरखपुर के दौरे पर हैं इसी क्रम में योगी आदित्यनाथ ने शहर गोरखपुर में चल रहे विकास की चाल रही योजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिए गए शब्द आवश्यक निर्देश इसी क्रम में आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौशाला में गायों की सेवा की। जनता दर्शन में जनता से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए दूर दराज से आए हुए फरियादियो से मुलाकात की । जनसमस्याओं के सुनने के दरमियान समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। गुल्लू और कालू को बिस्किट भी खिलाया।

## महिला आरक्षीयों के द्वारा बच्चियों को नारी सशक्तिकरण के बारे में किया गया जागरूक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम के तहत आज दिन गुरुवार को भांवरकोल ब्लाक मुख्यालय स्थित मार्टिंस चिल्डेन एकेडमी स्कूल में थाना भांवरकोल की महिला आरक्षीयों के द्वारा बच्चियों को नारी सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर महिला आरक्षियों ने कहा कि आपके साथ होने वाली किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाओं को बिना डर भय के अपने अभिभावकों को अवश्य साझा करें, अथवा महिला हेल्पलाइन के नम्बरों पर बेहिचक सूचित करें। इसके अलावा किसी भी समय छेड़छाड़ या छींटाकशी आदि की गतिविधियों को आप पुलिस के सीयूजी नम्बर पर तुरन्त सूचित करें। पुलिस तत्काल पांच मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर आपकी मदद करेगी। इस मौके पर आरक्षियों ने महिला हेल्पलाइन नंबर एवं पुलिस के नम्बरों को सभी छात्राओं को नोट कराया। इस मौके पर महिला कांस्टेबल शालू सिंह, विद्यालय के प्रबंधक अवधेश पाण्डेय, प्रधानाचार्य विनय राय बन्टी', उप प्रधानाचार्य मनोज प्रजापति, रूचिरन्धर उपाध्याय, जिग्यासा सिंह, रमावती कुशवाहा व अन्य अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## पुलिस से परेशान राहगीर

प्रखर वाराणसी। कछवाँ रोड पुलिस बूथ के ठीक सामने आज महीनों से ब्रिज के नीचे जूस वाले फल वाले चाट वाले फुलकी वाले इतने ज्यादा भीड़ लगा देते हैं कि आने जाने वाले राहगीर अत्यंत परेशान है आने जाने वाले लोगों का कहना है कि पुलिस बुथ (कस्बा चौकी) के ठीक सामने जब यह स्थिति है तो पुलिस और कहां किस की रक्षा कर सकती हैं कब एक्सीडेंट हो जाए कब कोई किसी से टकरा जाए जहां गाड़ी पास नहीं हो पा रही हैं कितना भीड़ है तो पुलिस के विषय में क्या सोचा जाए क्षेत्रवासियों का राहगीरों का कहना है कि अगर पुलिस यूं ही ड्यूटी करती रही तो किसी ना किसी दिन कछवाँ रोड ब्रिज के नीचे बुथ के ठीक सामने कोई अप्रिय घटना घट सकती है कछवाँ रोड चौकी के सिपाही यस. आई. बड़ी फुर्सत में बैठकर जूस मंगा कर अपनी टोपी टेबल पर रख कर आराम फरमाते रहते हैं।वही आटो से अपनी बच्ची का इलाज कराने लेकर आए एक व्यक्ति के आटो का अनावश्यक पुलिस ने फोटो खींचकर चालान कि दी धमकी। और ब्रिज के नीचे ठेले वालों को व जुस वालो को जूस के चक्कर में कुछ पुलिसवाले दे रहे पनाह। मई ऑटो चालकों को भगाया जा रहा है ऑटो चालकों का कहना है कि पुलिस हम लोगों को नहीं कमाने देंगी और ना ही हमारे बच्चों का पेट पर्दा चल पाएगा।



## किसान से ढेड़ लाख की लूट

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। खानपुर थानाक्षेत्र तेतारपुर निवासी किसान बृजेश सिंह को बुधवार की शाम लुटेरों ने असलहा दिखाकर ढेड़ लाख रुपये छीन कर फरार हो गए। बृजेश सिंह पुत्र स्व रामनारायण सिंह ने बताया कि बुधवार को जौनपुर जिले के पतरही बाजार के आढ़त पर दो डीसीएम गेंहू बेचकर एक लाख 29 हजार 950 रुपये लेकर अपने बाइक से घर लौट रहे थे। गौरी और तेतारपुर गांव के बीच सुनसान इलाके में गोमती नाला के पास बबूल के बगीचे में पांच की संख्या में लोगों ने हमें रोककर मेरा पैसा छीनने लगे। लुटेरों का विरोध करने पर तेतारपुर निवासी सुभम सिंह ने तमंचा निकालकर सीने पर लगा दिया। गेंहू बेच के मिले और जेब में रखे बीस हजार अन्य रुपयों सहित कुल ढेड़ लाख रुपये लेकर गमझा से मुंह बांधे युवक बाइक से भाग निकले। उनका सहयोग कर रहे गांव के तीन युवकों चंद्रशेखर, शुभम और सुरेंद्र सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

## विद्युत आपूर्ति के बार-बार ठप होने से कठिनाइयों का दंश झेल रहे नागरिक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। तापमान में हो रही लगातार बढोत्तरी और बिजली की लगातार हो रही कटौती से आम नागरिकों को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि मुहम्मदाबाद यूसुफपुर स्थानीय नगरपालिका अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा दिन भर में कई बार की जा रही विद्युत कटौती से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को कठिनाइयों का दंश झेलना पड़ रहा है। इस उमस भरी गर्मी और लू के थपेड़ों के कारण रोजेदार भी बुरी तरह परेशान है। बताया जाता है कि विगत 1 सप्ताह से ऊपर का समय बीत चुका है। जबकि प्रतिदिन कभी सुबह 3 बजे से तो कभी सुबह 6 बजे से और रात्रि में शाम 6 बजे से लेकर रात्रि 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बुरी तरह ठप हो जा रही है। एक तरफ मच्छरों से नागरिक जहां परेशान है वहीं दूसरी ओर उमस भरी गर्मी ने नागरिकों को परेशान कर रखा है। रोजेदार भी बुरी तरह परेशान है तथा उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि सुबह के समय रोजेदार अपना दैनिक कार्य कर अपने कार्य से जुड़ते हैं। लेकिन विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण रोजेदार अपना कार्य सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। आम नागरिक भी इससे परेशान हैं। इस संदर्भ में जब एस.डी.ओ सत्यम त्रिपाठी से पत्र प्रतिनिधि ने बात किया तो उन्होंने बताया कि रोस्टिंग होने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद हो जा रही है। क्योंकि इतना अधिक लोड बढ़ रहा है कि मशीन को बंद करना पड़ रहा है। दूसरी ओर जब नगर पालिका अध्यक्ष शमीम से इस संदर्भ में बात की गई तो उन्होंने बताया कि सारी व्यवस्थाओं के अंतर्गत मैंने अपनी पूरी कोशिश की है, ताकि ईद का त्यौहार मनाया जा सके। लेकिन विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण सारा काम रुक जा रहा है। नागरिक बुरी तरह परेशान है तथा विद्युत आपूर्ति ठप होने के कोई भी उपाय स्पष्ट रूप से नहीं दिखते। कुल मिलाकर नागरिकों की स्थिति पूरी तरह दयनीय हो गई है। क्योंकि गर्मी के कारण वह बाहर निकल नहीं सकते और भीतर उमस के कारण वे घर में नहीं रह सकते। इस तरह यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक किन कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इस संदर्भ में नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि इस ओर ध्यान देकर उचित कार्रवाई करें। दूसरी परेशानी यह है कि विद्युत लोहे के पोल नीचे से जर्जर हो चुके हैं, जो काफी पुराने हैं। अर्थात वह किसी भी दिन टूट कर गिर सकते हैं, जो बहुत बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इस ओर भी विद्युत विभाग का ध्यान नहीं जा रहा है। कुल मिलाकर क्षेत्रीय नागरिक इस विद्युत आपूर्ति के बार-बार ठप होने से प्रतिदिन कठिनाइयों का दंश झेल रहे हैं। स्थानीय निवासीयो से बात करने पर स्थानीय निवासी शैलेंद्र पांडे ने भी विद्युत आपूर्ति कि लुकाछिपी पर कहा कि विगत कई दिनों से विद्युत आपूर्ति न होने के कारण हम लोग परेशान हैं। वही लाला पांडे ने बताया कि विद्युत आपूर्ति ठप होने से लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## एकतरफा मोहब्बत में महिला ने पति को ही उतार दिया मौत के घाट, तकिया से मुंह व नाक दबाकर कर दी हत्या



प्रखर गोरखपुर। जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पिपराइच थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल धूसड़ के बड़ी रेतवईयां गांव में प्रेम में पागल एक महिला ने अपने ही पति को मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि उसने तकिया से पति का मुंह व नाक दबाकर हत्या की है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिपराइच थाना क्षेत्र के बड़ी रेतवईयां निवासी स्व.मुन्ना चौहान के बेटे मुकेश चौहान (32 वर्षीय) की शादी करीब 11 साल पहले महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के सोहरौना गांव के सिरसिया निवासी खुशबू पुत्री सुधारे चौहान से हुई थी। वह मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालता था। उसके दो छोटे छोटे बच्चे रोहन (6 वर्षीय) व छोटू (4 वर्षीय) हैं। पुलिस के अनुसार रात में खाना खाने के बाद पति-पत्नी व बच्चे सो गए थे। गुरुवार की भोर में खुशबू ने अपने ही पति मुकेश के नाक व मुंह को तकिये से दबाकर मार डाला। फिर सोने का नाटक कर सो गई। सुबह उठी और घर का काम करने लगी। जब बच्चे सो कर उठे तो उन्होंने पिता को मृत देखा। बच्चों ने अन्य घरवालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पिपराइच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूछताछ में पत्नी खुशबू टूट गई और हत्या की बात कबूल कर ली। हालांकि उसने कहा कि पति शराब पीकर अक्सर मारपीट करता था। बुधवार की शाम को भी मारपीट की थी। जिससे वह आहत थी और उसकी हत्या कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार हत्यारोपी महिला खुशबू दो बार अपने प्रेमी के साथ भाग चुकी है। वह चिलबिलवा के एक युवक से प्रेम करती थी। उसी के साथ दो बार भागी थी। बाद में पुलिस से शिकायत के बाद वह घर आई थी। वहीं दोनों बच्चे भी महिला के साथ थाने पर हैं। मामले में इंस्पेक्टर पिपराइच मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि युवक का मुंह व नाक दबाकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी पत्नी पुलिस हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया जाएगा।

## दूधिया रोशनी से जगमगाएगा वनदेवी मंदिर, बनेगा अत्याधुनिक शौचालय

प्रखत संतकबीरनगर। जिला मुख्यालय पर जन आस्था के केंद्र वनदेवी मंदिर की तस्वीर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा के प्रयास से बदलने जा रही हैं। वनदेवी मंदिर जिले के ही नही बल्कि पड़ोसी जिले के लोगो के लिए भी आस्था एक बहुत बड़ा केंद्र है, प्रतिदिन यहाँ अत्याधिक संख्या में आकर लोग देवी दर्शन करते है और तमाम प्रकार के अन्य कर्म कांड यहाँ से संपादित करते है। परन्तु आज भी यहां जनसुविधाओं का अभाव है और इस दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर का प्रयास काफी सकारात्मक दिख रहा है।इस बाबत श्याम सुन्दर वर्मा ने बताया कि वनदेवी मंदिर परिक्षेत्र अब हमारी नगर पालिका विस्तार में हमारी सीमा क्षेत्र में आ गया है अब धीरे धीरे सभी प्रकार की सुविधाएं वहां उपलब्ध होगी और इस पर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है, उचित प्रकाश व्यवस्था के लिए वहां लाइट की व्यवस्था की गई है परंतु अब एक बड़ा हाईमास्ट लाइट वहां लग रहा है जिसके फाउंडेशन का कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही मंदिर परिसर सहित आसपास का क्षेत्र भी दूधिया रोशनी से जगमगाएगा। मंदिर परिसर के निकट ही स्थान चिन्हित



कर लिया गया है जिस पर जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक शौचालय का निर्माण कराया जायेगा।साफ सफाई का विशेष प्रबंध मंदिर परिसर के लिए करने को संबंधित को निर्देशित किया गया है।मंदिर परिसर के निकट ही एक जलाशय भी स्थित है जिसके सौंदरीकरण का प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित किया गया है स्वीकृति मिलते ही जलाशय के सौंदरिकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चिकित्सक ने बढ़ते गर्मी को देखते हुए बच्चों के लिए दिया वाटर कूलर



प्रखर पिंडरा वाराणसी। बेसिक शिक्षा परिषद को बेहतर बनाने के लिए जहाँ प्रदेश सरकार कृतसंकल्पित है वही दूसरी तरफ समाजसेवी भी स्कूलों के कायाकल्प में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को क्षेत्र प्रसिद्ध चिकित्सक व जीवन ज्योति अस्पताल के निदेशक डॉ दिनेश मिश्र ने भीषण तपिश भरी गर्मी में स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों को वाटर कूलर दिया। उन्होंने आगे भी मदद का आश्वसन दिया। उन्होंने कहाकि समाज के हर तबके के बच्चे बिना जाति व लिंग भेद के साथ परिषदीय विद्यालयों में पढ़ते हैं। ऐसे में हम सबकी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम विद्यालय के विकास में सहयोग करें। इस दौरान चिकित्सक डॉ दिनेश मिश्र व एआरपी रामसेवक यादव ने लक्ष्य से अधिक नामांकन करने व बेहतर शिक्षण व्यवस्था पर बीएसए द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र को प्रधानाध्यापक कैलाश नाथ यादव को सौपा। इस दौरान बृजनाथ यादव, हेमंत पटेल, सुरेन्द्र पटेल, कैलाश कन्नौजिया, चंद्रेश यादव, प्रतिमा त्रिपाठी, दीपक कुमार, ममता देवी समेत अनेक शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गंभीरपुर थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में गत 27 अप्रैल को आई बारात में सलाद को लेकर चला जमकर लाठी-डंडा

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में गत 27 अप्रैल को आई बारात में सलाद को लेकर जमकर लाठी डंडा चला मिली जानकारी के अनुसार शिवराजपुर निवासी धर्मू राम पिछले 25 वर्षों से परदेश में रहते हैं विदेश भेजने के नाम पर कई लोगों से पैसा लिए थे लेकिन मौके पर 25 वर्ष विदेश में रहे पैसा नहीं दिया लोगों ने कई बार थाने पर भी तहरीर देकर मुकदमा लिख आए थे लेकिन ए फरार होने के कारण कभी मौके पर मिलेंगे शादी के मुकदमे लोगों ने अपना पैसा वापस मांगा तो बात का बतंगड़ बना दी बिटिया की शादी तय होने पर गांव से शादी करने का फैसला किया तय समय पर तहबरपुर थाना क्षेत्र के मंजारी से बारात भी आ गई द्वारा चार की रस्म के बाद अन्य रस में होने लगी परंतु ईसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने सलाद की कमी का बहाना बनाकर हंगामा करने लगे प्रतिरोध करने पर वि पक्षियों ने लाठी-डंडे से धरमू राम के परिवार व बारातियों पर हमला कर दिया जिसमें धर्मू के एक रिश्तेदार सरायमीर थाना क्षेत्र के कोरौली निवासी विनय पुत्र कांता को गंभीर चोटे आई और बारातियों में भगदड़ मच गई सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने किसी तरह अपनी उपस्थिति में दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शादी को संपन्न करवाया वही धर्मू की तहरीर पर गंभीरपुर पुलिस ने शिवराजपुर निवासी इंद्रेश पुत्र जेबुन सहित 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया पुलिस मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दी।

### दो इंजन खोल ले गए चोर, पीड़ित ने दी अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर

प्रखर गंभीरपुर आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा उत्तरगांवा के कोनौली निवासी सुरेंद्र यादव पुत्र स्वर्गीय बंशबिहारी यादव व राजनाथ यादव पुत्र स्वर्गीय महाबल का चिवटही मोड़ पर राजदेव यादव के विद्यालय के सामने दोनों व्यक्ति का खेत है जिसमें दो अलग-अलग इंजन सिंचाई के लिए लगा था जिसको बीती रात अज्ञात चोर खोल ले गए पीड़ित सुबह जब खेत पहुंचे तो देखा कि इंजन गायब है जिसकी सूचना पीड़ित ने 112 नंबर पर दी सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस आ गई । राजनाथ यादव व सुरेंद्र यादव गंभीरपुर पुलिस चौकी में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

### किराना स्टोर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सारा सामान जलकर हुआ राख

प्रखर दीदारगंज / आजमगढ़। दीदारगंज थाना क्षेत्र के जैगहां मोड मार्टिनगंज के पास बनगांव स्थित एक किराना की दुकान में बीते गुरुवार की रात 2 बजे के करीब शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग जाने के कारण दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार को रात में जा रही किसी राहगीर ने धुआं देखकर सूचना दिया, दुकानदार शोर मचाते हुए शटर खोला तो अंदर दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया था। जानकारी के अनुसार दीदारगंज थाना क्षेत्र के बनगांव स्थित गौरव राजभर पुत्र गिरधारी का सड़क के किनारे घर के बाहरी हिस्से में किराना की दुकान है गुरुवार की रात गौरव अपने दुकान बंद कर अंदर घर में सोने चले गए । रात में शार्ट सर्किट की वजह से दुकान में आग लग गई, रात 2:00 बजे के करीब सड़क से जाते किसी राहगीर ने धूंआ देखा तो दुकानदार को सूचना दिया। दुकानदार शोर मचाते हुए दुकान का शटर खोला तो देखा कि अंदर रखा दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया ?। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पीड़ित दुकानदार के अनुसार करीब ढाई लाख रुपए के सामान का नुकसान हुआ है।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं